नेफेड
किसान सहकारिता

वार्षिक रिपोर्ट
2021-2022

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी
विपणन संघ मर्यादित

विनयपूर्ण निवेदन
वित्त एवं लेखा, समन्वय तथा जनसंपर्क विभाग ने
इस वार्षिक प्रतिवेदन में सूचना/डेटा को संकलित एवं मुद्रित करते समय उचित सावधानी बरती है,
किंतु फिर भी यदि कोई त्रुटि रह गई हो
तो आपसे अनुरोध है कि उदारता दिखाते हुए इसे मानव भूल के
रूप में ही लें।

धन्यवाद
जनसंपर्क विभाग
दूरभाषः +91-11-26340019

"हमारे कॉपरेटिव में एक वाइबरेंट बिजनेस एनटिटी बनाने का स्कोप होता है। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि कॉपरेटिव को एक सफल बिजनेस इन्टरप्राईस में कैसे बदलें।"

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

स्रोत: पीएम ने 24 फरवरी, 2022 को कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के तरीकों पर वेबिनार को संबोधित किया

नेफेड का परिकल्पना वृतांत



किसानों, सरकार और उपभोक्ताओं के कुशल बाजार संपर्क के माध्यम से कृषि वस्तुओं के लिए विपणन समाधान प्रदान करने में एक वैश्विक सहकारी लीडर बनना।

अनुक्रमणिका

अध्याय सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ सं.
	प्रबंध निदेशक का संदेश	04
1.	भारत में कृषि परिदृश्य: एक अवलोकन	06
2.	सहकारिता: बेहतर भारत का निर्माण	11
3.	निदेशक मंडल	14
4.	नेफेड की प्रबंधन टीम	16
5.	नेफेड की बैठकें एवं सदस्यता (दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2022)	17
6.	नेफेड के गत पांच वर्षों का वित्तीय वृंतात (वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक)	18
7.	नेफेड की सफलता के सूत्र	20
	7.1 नेफेड एक नजर में	21
8.	नेफेड का कारोबारी कार्यक्षेत्र	24
	8.1 दलहन एवं तिलहन	25
	8.2 खाद्यान्न	27
	8.3 बागवानी	29
	8.4 संस्थागत आपूर्ति	30
	8.5 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार	32
	8.6 प्रत्यक्ष कारोबार	33
	8.7 राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी)	34
	8.8 कृषक संपर्क एवं सुविधा (एफओएफ)	35
	8.9 उपभोक्ता विपणन	41
	8.10 जैविक खेती	45
	8.11 बीज कारोबार	47
	8.12 संपत्ति एवं औद्योगिक इकाईयां	49
	8.13 जैव-उर्वरक	52
	8.14 जलवायु अनुकूल नवाचार (सीआरआई)	53
9.	विधि एवं टाई-अप	54
10.	जन संपर्क	55
11.	कार्मिक एवं सतर्कता	57
12.	सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)	59
13.	हिंदी	61
14.	राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (एनएचआरडीएफ)	62
15.	वार्षिक लेखा	65

प्रबंध निदेशक

नेफेड
किसान सहकारिता

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)

संदेश

प्रिय मित्रों,

मुझे वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए नेफेड का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपार प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। वर्ष के दौरान, नेफेड ने रिकार्ड 19,752.23 करोड रुपये का कारोबार किया और अपनी लाभप्रदता की स्थिति को बरकार रखने में सफल रहा। प्रचालन की दृष्टि से नेफेड का प्रचालन लाभ 342.38 करोड़ रुपये रहा। स्थापन और प्रशासनिक खर्चों का लेखा–जोखा करने एवं आस्थगित करों और आयकर देयता चुकाने के उपरांत, संघ का निवल लाभ 39.27 करोड़ रुपये रहा।

मुझे आपको यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि नेफेड की सदस्यता 944 से बढ़कर 978 हो गई है और वर्ष के दौरान शेयर पूंजी 30.69 करोड़ रुपये से बढ़कर 41.01 करोड़ रुपये हो गई है। हाल के वर्षों के दौरान नेफेड के निरंतर अच्छे कार्य–निष्पादन को देखते हुए, निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021–22 के लिए सदस्य संघों/समितियों को 15 प्रतिशत का लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।

कृषि जिंसों की खरीद और विपणन नेफेड के मूल क्रियाकलापों में से एक है। वर्ष के दौरान सबसे अधिक कारोबार दलहन, तिलहन, खाद्यान्न और प्याज की खरीद की वजह से हुआ। वर्ष के दौरान मूल्य समर्थित योजना (पीएसएस) के अंतर्गत 6208.83 करोड़ रुपये की 11.08 लाख मीट्रिक टन दलहन और 863.37 करोड़ रुपये की 1.54 लाख मीट्रिक टन तिलहन की खरीद की गई। नेफेड ने उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए) के निदेशानुसार वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के अंतर्गत 971.74 करोड़ रुपये की 1.41 लाख मीट्रिक टन दलहन की खरीद भी की। इसके अलावा, नेफेड ने दलहन बफर के लिए 0.99 लाख मीट्रिक टन मसूर के आयातित स्टॉक की खरीद की। प्याज के बफर स्टॉक के लिए नामित एजेंसी होने के कारण, नेफेड ने अपने पैनल में सूचीबद्ध सहकारी समितियों, एफपीसी और एफपीओ की सहायता से महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में 439.84 करोड़ रुपये के 2.14 लाख मीट्रिक टन प्याज की भी खरीद की। वर्ष के दौरान, नेफेड ने भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य सरकारों की ओर से विकेंद्रीकृत खरीद के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, असम, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में 823.67 करोड़ रुपये के 3.74 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न (गेहूं और धान) की खरीद की।

सशस्त्र बलों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नेफेड से दालों की अपनी आवश्यकता की पूर्ति करना जारी रखा। इन संस्थानों को राष्ट्रीय बफर से 6043.41 करोड़ रुपये की 6.05 लाख मीट्रिक टन प्रसंस्कृत दालों की आपूर्ति की गई। इसके अलावा, राज्यों को उनकी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत 5711.58 करोड़ रुपये के खाद्य तेल, चीनी, नमक, किराने का सामान आदि की भी आपूर्ति की गई।

यह हम सभी के लिए बड़े गर्व की बात है कि संघ

ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अपनी छाप छोड़ी और प्रतिष्ठित ऑर्डर हासिल कर विदेशी बाजार में अपनी पैठ मजबूत की। वर्ष के दौरान, 406.95 करोड़ रुपये का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार किया गया। इसमें 374.76 करोड़ रुपये का 1,25,333.60 मीट्रिक टन भारतीय गैर–बासमती चावल शामिल है, जो जी2जी व्यवस्था के अंतर्गत बांग्लादेश को निर्यात किया गया। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय की ओर से म्यांमार को मानवीय सहायता के रूप में 32.18 करोड़ रुपये के 10,000 मीट्रिक टन चावल और 200 मीट्रिक टन गेहूं भेजे गए।

10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन के मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यान्वयन एजेंसियों में से एक के रूप में, नेफेड ने लगभग 1,08,000 किसानों को संगठित करते हुए, 557 के आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 31 मार्च, 2022 तक 421 एफपीओ को सफलतापूर्वक पंजीकृत किया। किसानों की आय दोगुनी करने के माननीय प्रधानमंत्री के विजन को प्राप्त करने के लिए किसानों/उत्पादकों को आगे और पीछे जोड़ने के समग्र उद्देश्य के साथ विभिन्न नवीन पहलों के माध्यम से आने वाले वर्षों में नेफेड की गतिविधियों का बड़े पैमाने पर विस्तार करने के लिए तैयार है।

नेफेड सतत कृषि के सृजन के लिए प्रयासरत है। वर्तमान में नेफेड के तकनीकी भागीदारों के सहयोग से लगभग 1850 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। वर्ष के दौरान 13.71 करोड़ रुपये का खुदरा व्यापार, 81.62 करोड़ रुपये का बीज का कारोबार और 3.36 करोड़ रुपये का जैव उर्वरक का भी कारोबार किया गया। साथ ही, नेफेड ने पशुपालन और डेयरी विभाग की प्रोग्राम लॉजिस्टिक एजेंसी के रूप में पशुधन में प्रचलित खुरपका एवं मुंहपका रोग (एफएमडी) और ब्रुसेलोसिस के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के लिए भी काम करना जारी रखा।

मैं वर्षों से नेफेड को बहुमूल्य समर्थन और सहयोग के लिए भारत सरकार का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में सुधार के लिए माननीय प्रधान मंत्री की दूरदृष्टि और किसान समर्थक नीतियां हम सभी के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति और प्रेरणा स्रोत रही हैं। हम माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी और माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के मार्गदर्शन के लिए और किसानों के हित में नेफेड के कारोबारी विस्तार के लिए आगे की राह दिखाने के लिए अत्यंत आभारी हैं।

मैं, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय और खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले मंत्रालय को भी देश के किसानों और उपभोक्ताओं के हित में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन में नेफेड को अपना समर्थन देने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं नेफेड को समय पर धन उपलब्ध कराने के लिए वित्त मंत्रालय का हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिससे इन योजनाओं और कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में मदद मिली। मैं विभिन्न देशों को मानवीय और अन्य सहायता की आपूर्ति के लिए नेफेड में अपना भरोसा एवं विश्वास बनाए रखने के लिए विदेश मंत्रालय के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं।

नेफेड डीजीएफटी, एनसीडीसी, एनसीयूआई, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आंध्रा बैंक, केनरा बैंक, अपीडा, सीडब्ल्यूसी, एनएचबी, एसएफएसी, इफको, कृभको, एनसीसीएफ, एनएचआरडीएफ, एनसीसी, ट्राइफेड, नागरिक आपूर्ति निगम और राज्य भंडारण निगम, राज्य स्तरीय बीज निगम और अन्य सभी सरकारी विभाग और स्वायत्त निकायों का भी आभारी है जिन्होंने नेफेड को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहायता की है।

मैं, माननीय अध्यक्ष और बोर्ड के सदस्यों को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। अंत में, मैं, नेफेड के कर्मचारियों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों लिए धन्यवाद देता हूं, जिनके समर्पित प्रयासों और अथक परिश्रम के बिना, विशेष रूप से कोविड–19 महामारी की अत्यंत चुनौतीपूर्ण अवधि में, उपरोक्त उपलब्धियां संभव नहीं होतीं।

मैं, आपके और आपके परिवार के अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना करता हूं। आइए! हम सब मिलकर काम करना जारी रखें और देश के किसानों की सेवा करते हुए संघ को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अथक परिश्रम करें।

धन्यवाद,
राजबीर सिंह

अध्याय 1

भारत में कृषि परिदृश्यः एक अवलोकन

पृष्ठभूमि

किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए कृषि अत्यंत महत्वपूर्ण है चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अधिकांश आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर आश्रित है। इस प्रकार यह क्षेत्र आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण दोनों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत में लगभग 60 प्रतिशत परिवार अपने जीवन यापन के लिए कृषि पर आश्रित हैं। भारत में कृषि के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र विश्व में दूसरे स्थान पर है। भूमि उपयोग सांख्यिकी 2014–15 के अनुसार, 328.7 मिलियन हेक्टेयर के कुल भौगोलिक क्षेत्र के सापेक्ष, लगभग 140.1 मिलियन हेक्टेयर शुद्ध बुवाई भूमि है और 198.4 मिलियन हेक्टेयर 142 प्रतिशत की फसल सघनता के साथ सकल फसली क्षेत्र है। देश में शुद्ध सिंचित क्षेत्र 68.4 मिलियन हेक्टेयर है।

पिछले कुछ वर्षों में, प्रति परिवार कृषि भूमि का आकार घट रहा है। देश में 86 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे और सीमांत हैं। भूमि जोत का कम आकार, कृषि आगतों की बढ़ती लागत और अप्रत्याशित बाजार व्यवहार कृषि में आर्थिक व्यवहार्यता को एक बड़ी चुनौती बनाते हैं। कई अन्य चुनौतियों में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बड़े पैमाने पर उपयोग के कारण मिट्टी की बिगड़ती गुणवत्ता, खराब मौसम की स्थिति, भूजल स्तर में गिरावट, अनियमित बिजली आपूर्ति, आदि शामिल है।

खेती को ही प्राथमिकता देने वाले अधिकांश परिवारों के साथ, कृषि क्षेत्र हमेशा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक रहा है। हमारे किसानों को बेहतर तकनीक, ऋण, बेहतर आगत और अधिक से अधिक बाजारों तक पहुंच प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाली वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

आगे की राह

वर्ष 2021–22 (मौजूदा कीमतों पर) के लिए देश के सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) में कृषि क्षेत्र का योगदान 18.8 प्रतिशत (प्रथम अग्रिम अनुमान) है। कृषि क्षेत्र के महत्व को देखते हुए भारत सरकार ने इसके सतत विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

किसानों की आय दोगुनी करने से संबंधित मुद्दों की जांच के लिए गठित अंतर–मंत्रालयी समिति ने किसानों की आय को वास्तविक रूप से दोगुना करने की रणनीति की सिफारिश की। समिति ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रमुख स्रोत चिन्हित किए जैसे फसल और पशुधन उत्पादकता में सुधार; संसाधन उपयोग दक्षता या उत्पादन की लागत में बचत; फसल सघनता में वृद्धि; ज्यादा मूल्य वाली फसलों की ओर विविधीकरण; किसानों को प्राप्त वास्तविक कीमतों में सुधार; और खेत से गैर–कृषि व्यवसायों में स्थानांतरित होना। कृषि में निवेश पर भी बल दिया जा रहा है, उदाहरण के लिए, कृषि–ग्रामीण सड़क, ग्रामीण बिजली, सिंचाई के लिए सार्वजनिक निवेश बढ़ाना; और कृषि में कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए नीतिगत सहयोग की आवश्यकता।

सरकार आय पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कृषि क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाश रही है, जो केवल लक्षित उत्पादन प्राप्त करने से आगे बढ़कर हो। यह दृष्टिकोण खेती से अधिक लाभ अर्जित करने की दृष्टि से उच्च उत्पादकता, खेती की कम लागत और उपज पर लाभकारी मूल्य प्राप्त करने पर केंद्रित है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप योजनाओं और नीतिगत सुधारों के माध्यम से विभिन्न पहल की गई हैं।

किसानों की आय में सुधार के उद्देश्य से सरकार अनेक योजनाएं एवं कार्यक्रम क्रियान्वित कर रही है। इनमें से प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना,

परम्परागत कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य योजना, नीम लेपित यूरिया, ई–राष्ट्रीय कृषि बाजार कुछ ऐसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम हैं जिनका मुख्य उद्देश्य किसानों की उत्पादकता और आय में सुधार करना है। इस प्रकार, एक एकीकृत राष्ट्रीय कृषि बाजार के निर्माण से निश्चित रूप से किसानों को बाजार से जोड़ने और खेती से उनकी आमदनी को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त होगा।

केंद्रीय क्षेत्र योजना ''10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन''

छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों को एफपीओ में जोड़ने से किसानों की आर्थिक मजबूती और बाजार संपर्क बढ़ाने में मदद मिलती है। इस पृष्ठभूमि के अंतर्गत, भारत सरकार ने बजटीय प्रावधान के अंतर्गत 10,000 नए एफपीओ बनाने और उनका संवर्धन करने के लिए एक स्पष्ट रणनीति और प्रतिबद्ध संसाधनों के साथ ''10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन'' नामक नई केंद्रीय क्षेत्र की योजना की शुरूआत की है। एफपीओ बड़े पैमाने पर अर्थव्यवस्थाओं का लाभ उठाने और सदस्यों के लिए बाजार पहुंच में सुधार की सुविधा प्रदान करेगा। इसी क्रम में विशेषज्ञता और बेहतर प्रसंस्करण, विपणन, ब्रांडिंग और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ''एक जिला एक उत्पाद'' (ओडीओपी) क्लस्टर को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

''कृषि अवसंरचना कोष'' के अंतर्गत वित्त पोषण सुविधा की केंद्रीय क्षेत्र योजना

भारत सरकार ने एक केंद्रीय क्षेत्र योजना–कृषि अवसंरचना कोष की शुरुआत की है जिसका मुख्य उद्देश्य ब्याज छूट (सबवेंशन) और वित्तीय सहायता के माध्यम से फसलोपरांत प्रबंधन, बुनियादी ढांचे और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों से संबंधित अर्थव्यसस्था से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश के लिए मध्यम–दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस), विपणन सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), किसानों, संयुक्त देयता समूहों (जेएलजी), बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, कृषि–उद्यमी, स्टार्टअप, कृषिगत अवसंरचना प्रदाता और केंद्रीय/राज्य एजेंसी या स्थानीय निकाय द्वारा प्रायोजित सार्वजनिक निजी भागीदारी परियोजना में बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा एक लाख करोड़ रुपये ऋण के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे।

यह योजना सहकारी क्षेत्र को फसल की कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे की स्थापना के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है।

वर्ष 2021–22 के लिए कृषि उत्पादन और अग्रिम फसल अनुमान

भारत खाद्यान्न उत्पादन में पहले से ही आत्मनिर्भर है। भारत सरकार अब ''आत्मनिर्भर भारत'' बनाने के माननीय प्रधान मंत्री के लक्ष्य को पूरा करने की दृष्टि से घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर दालों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के मिशन पर आगे बढ़ रहा है। दलहन और तिलहन के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए हाल के वर्षों में सरकार द्वारा की गई विभिन्न महत्वपूर्ण पहलों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। ये उपाय विदेशी मुद्रा के भारी बहिर्वाह को कम करने और देश के भुगतान संतुलन की स्थिति में सुधार करने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। यह न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगा अपितु घरेलू प्रसंस्करण उद्योग के पुनरुत्थान की ओर भी ले जाएगा, जो भारी आयात के कारण सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।

भारत की प्रमुख फसलों की खेती, उत्पादन और उत्पादकता स्तर के अंतर्गत क्षेत्र निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है:

तालिका 1: प्रमुख फसलों का क्षेत्रफल, उत्पादन और उपज

फसलें	क्षेत्रफल (लाख हेक्टेयर)			उत्पादन (मिलियन टन)			उपज (किलो/हेक्टेयर)		
	2018-19	2019-20	2020-21*	2018-19	2019-20	2020-21*	2018-19	2019-20	2020-21*
चावल	441.56	436.62	450.67	116.48	118.87	122.27	2638	2722	2713
गेहू	293.19	313.57	316.15	103.60	107.86	109.52	3533	3440	3464
पोषक/मोटे अनाज	221.46	239.88	238.28	43.06	47.75	51.15	1944	1991	2146
दलहन	291.56	279.87	288.33	22.08	23.03	25.72	757	823	892
अनाज	1247.77	1269.95	1293.43	285.21	297.50	308.65	2286	2343	2386
तिलहन	247.94	271.39	287.88	31.52	33.22	36.10	1271	1224	1254
गन्ना	50.61	46.03	48.57	405.42	370.50	399.25	80105	80497	82205
कपास @	126.14	134.77	130.07	28.04	36.07	35.38	378	455	462
जूट एवं मेस्टा #	7.05	6.73	6.63	9.82	9.88	9.56	2508	2641	2595

(स्रोतः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)
** चौथा अग्रिम अनुमान*
@लाख 170 किलो के प्रत्येक गांठ में उत्पादन
 # लाख 180 किलो के प्रत्येक गांठ में उत्पादन

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि अनुमान के अनुसार, गन्ने को छोड़कर, वर्ष 2020–21 के दौरान सभी प्रमुख फसलों का उत्पादन पिछले वर्ष के स्तर से अधिक हुआ है। वर्ष 2020–21 के दौरान दलहन का अनुमानित उत्पादन स्तर 25.72 मिलियन मीट्रिक टन और तिलहन का 36.10 मिलियन मीट्रिक टन है। दलहन के उत्पादन में जहां 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं तिलहन के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। खाद्यान्न का उत्पादन 308.65 मिलियन मीट्रिक टन आंका गया है, यह भी अब तक की रिकार्ड उपलब्धि है और पिछले वर्ष की तुलना में 3.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

भारत को कृषि उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और आयात पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से ''आत्मनिर्भर कृषि'' की दिशा में भारत सरकार की विभिन्न पहलों के कारण खाद्यान्न, तिलहन और दलहन का अब तक का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।

वर्ष 2010–11 से 2020–21 की अवधि के दौरान भारत की प्रमुख फसलों का श्रेणीवार उत्पादन

तालिका 2: भारत में अनाज का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

वर्ष	रबी	खरीफ	कुल
2010-11	112.52	113.73	226.25
2011-12	116.98	125.22	242.20
2012-13	116.63	122.15	238.78
2013-14	123.09	122.70	245.79
2014-15	112.53	122.34	234.87
2015-16	115.66	119.56	235.22
2016-17	123.24	128.74	251.98
2017-18	128.44	131.16	259.60
2018-19	129.71	133.42	263.14
2019-20	138.59	135.89	274.48
2020-21	143.32	141.96	285.28
2021-22	140.09	146.68	286.77

(स्रोतः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

रेखाचित्र 2: भारत में अनाज का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

तालिका 3: भारत में दलहन का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

वर्ष	रबी	खरीफ	कुल
2010-11	7.12	11.12	18.24
2011-12	6.06	11.03	17.09
2012-13	5.92	12.43	18.35
2013-14	6.00	13.26	19.26
2014-15	5.73	11.42	17.15
2015-16	5.53	10.79	16.32
2016-17	9.58	13.55	23.13
2017-18	9.31	16.11	25.42
2018-19	8.09	13.98	22.07
2019-20	7.72	15.44	23.16
2020-21	8.49	17.09	25.46
2021-22	8.25	19.50	27.75

(स्रोतः कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार)

रेखाचित्र 3: भारत में दलहन का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)



तालिका 4: भारत में तिलहन का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक लाख में)

वर्ष	रबी	खरीफ	कुल
2010-11	105.57	219.22	324.79
2011-12	91.08	206.91	297.99
2012-13	101.50	207.91	309.41
2013-14	101.26	226.24	327.49
2014-15	82.90	192.21	275.11
2015-16	85.53	166.98	252.51
2016-17	97.50	215.26	312.76
2017-18	104.53	210.06	314.59
2018-19	108.46	206.76	315.22
2019-20	109.72	222.47	332.19
2020-21	122.24	237.23	359.47
2021-22	137.91	247.07	384.98

रेखाचित्र 4: भारत में तिलहन का उत्पादन

(मात्रा मिलियन मीट्रिक लाख में)



तालिका 5: भारत में दलहन का आयात

वर्ष	मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में	मूल्य करोड रुपये में
2010-11	2.78	7,512
2011-12	3.50	9,448
2012-13	4.02	13,357
2013-14	3.66	12,841
2014-15	4.63	17,273
2015-16	5.88	25,964
2016-17	6.66	28,751
2017-18	5.68	19,053
2018-19	2.60	8,290
2019-20	2.98	10,527
2020-21	2.51	12,154
2021-22	2.77	17,105

(स्रोत: कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)

रेखाचित्र 5(क): मात्रा के संदर्भ में भारत द्वारा दलहन का आयात

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)



रेखाचित्र 5(ख): मूल्य के संदर्भ में भारत द्वारा दलहन का आयात

(मूल्य रुपये करोड़ में)



तालिका 6: भारत में दलहन के तुलनात्मक उत्पादन के सापेक्ष आयात

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

वर्ष	आयात	उत्पादन
2010-11	2.78	18.24
2011-12	3.5	17.09
2012-13	4.02	18.35
2013-14	3.66	19.26
2014-15	4.63	17.15
2015-16	5.88	16.32
2016-17	6.66	23.13
2017-18	5.68	25.42
2018-19	2.6	22.07
2019-20	2.98	23.16
2020-21	2.51	25.46
2021-22	2.77	27.75

स्रोत: उत्पादन डेटा: अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

आयात डेटा: कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

रेखाचित्र 6: भारत में दलहन के तुलनात्मक उत्पादन के सापेक्ष आयात

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

वनस्पति तेल का आयात (खाद्य एवं अखाद्य)

(मात्रा मिलियन मीट्रिक टन में)

माह	2020-21			2019-20			प्रतिशत
	खाद्य	अखाद्य	कुल	खाद्य	अखाद्य	कुल	
नवम्बर–20	10,83,329	19,570	11,02,899	11,00,424	26,796	11,27,220	(-) 2%
दिसम्बर–20	13,28,161	28,424	13,56,585	11,07,380	20,901	11,28,281	(+) 20%
जनवरी–21	10,74,635	22,034	10,96,669	11,57,123	38,689	11,95,812	(-) 8%
फरवरी–21	7,96,568	42,039	8,38,607	10,89,661	22,817	11,12,478	(-) 25%
मार्च–21	9,57,633	22,610	9,80,243	9,41,777	13,645	9,55,422	(+) 2.6 %
अप्रैल–21	10,29,912	23,435	10,53,347	7,95,025	3,690	7,98,715	(+) 32%
मई–21	12,13,142	36,506	12,49,648	7,20,976	22,845	7,43,821	(+) 68%
जून–21	9,69,431	26,583	9,96,014	11,68,138	30,201	11,98,339	(-) 17%
जुलाई–21	9,17,336	63,288	9,80,624	15,17,350	47,995	15,65,345	(-) 37 %
अगस्त–21	10,16,370	37,440	10,53,810	13,08,405	62,052	13,70,457	(-) 23%
सितंबर–21	16,98,730	63,608	17,62,338	10,44,242	17,702	10,61,944	(+) 66%
अक्तूबर–21	10,46,264	14,285	10,60,549	12,24,945	41,839	12,66,784	(-) 16%
योग	**1,31,31,511**	**3,99,822**	**1,35,31,333**	**1,31,75,446**	**3,49,172**	**1,35,24,618**	**(+) 0.05%**

स्रोतः सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया

भारत खाद्य तेलों का विश्व का अग्रणी उत्पादक, आयातक और उपभोक्ता है। विश्व स्तर पर अग्रणी उत्पादक होने के बावजूद, मांग और आपूर्ति (60 से 70 प्रतिशत) के बीच बहुत बड़ा अंतर है। हाल के वर्षों में भारत सरकार की विभिन्न पहलों के परिणामस्वरूप, देश में तिलहन के उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई है किंतु तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने तक हमें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। पाम ऑयल, सोया और सूरजमुखी के बीज का तेल देश में आयात होने वाले प्रमुख तेलों में शामिल हैं। पाम ऑयल मुख्य रूप से इंडोनेशिया और मलेशिया से प्राप्त होता है, सोया तेल अर्जेंटीना और ब्राजील से, जबकि यूक्रेन और अर्जेंटीना, भारत में सूरजमुखी के तेल के प्रमुख आपूर्तिकर्ता हैं।

कृषिगत प्रौद्योगिकी, कृषि की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने एवं सरकार के समर्थन के साथ, भारतीय कृषि क्षेत्र, एक बड़े बदलाव तथा मात्रात्मक विकास के लिए तैयार है।

अध्याय 2

सहकारिता: बेहतर भारत का निर्माण

"आर्थिक विकास का सहकारी मॉडल ही एकमात्र ऐसा मॉडल है जो 130 करोड़ की आबादी वाले भारत के सर्वांगीण और सर्व समावेशी विकास का लक्ष्य हासिल करने में काम करेगा।"

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह

सर्वप्रथम सहकारिता के बारे में

सहकारी समितियां जन–केंद्रित उद्यम होती हैं जो संयुक्त रूप से स्वामित्वाधीन होती हैं और अपने सदस्यों द्वारा और अपने सदस्यों के लिए लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित की जाती हैं जिससे वे अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। मूल्यों और सिद्धांतों पर आधारित उद्यमों के रूप में, सहकारी समितियां उद्यम के केंद्र में निष्पक्षता, समानता और सामाजिक न्याय का स्थान रखती हैं। विश्व भर में सहकारी समितियां लोगों को स्थायी उद्यमी बनाने के लिए एक साथ मिलकर इस तरह के काम कर रही हैं जो दीर्घकालिक रोजगार और समृद्धि पैदा करने वाले होते हैं।

सहकारिता लोगों को लोकतांत्रिक और समानता के आधार पर एक रखती है। सदस्य चाहे ग्राहक हों, कर्मचारी हों, उपयोगकर्ता हों या निवासी हों, सहकारी समितियों का प्रबंधन लोकतांत्रिक तरीके से "एक सदस्य, एक मत" नियम द्वारा किया जाता है। कोई सदस्य उद्यम में अधिक पूंजी लगाता हैं, फिर भी वह समान मतदान का अधिकार रखता है।

मूल्यों से संचालित व्यवसायों के रूप में, न केवल लाभ, सहकारी समितियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहमत सिद्धांतों को साझा करती हैं और सहयोग के माध्यम से एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए मिलकर कार्य करती हैं। सहकारिताएं लोगों को अपने आर्थिक भविष्य पर नियंत्रण करने की अनुमति देती हैं और, क्योंकि वे शेयरधारकों के स्वामित्वाधीन नहीं होती हैं, उनकी गतिविधि के आर्थिक और सामाजिक लाभ उन समुदायों में निहत होते हैं जहां वे स्थापित हैं। समितियों में सृजित लाभ का या तो उद्यम में पुनर्निवेश किया जाता है या सदस्यों को प्रतिफल के रूप में दे दिया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन और वैश्विक सहकारी आंदोलन (आईसीए)

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन विश्व भर में सहकारी समितियों की आवाज है। इसकी स्थापना वर्ष 1895 में सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। आज सहकारी सदस्य विश्व की कम से कम 12 प्रतिशत लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चूंकि व्यवसाय मूल्यों से संचालित होते हैं न कि पूंजी के पारिश्रमिक से, तथापि विश्व भर में 3 मिलियन सहकारी समितियां एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए मिलकर काम करती हैं।

सहकारिता आंदोलन एक सीमांत घटना न रहकर बहुत आगे बढ़ गया है। 12 प्रतिशत से अधिक लोग विश्व की 3 मिलियन सहकारी समितियों में से किसी एक का हिस्सा हैं। वर्ल्ड को–ऑपरेटिव मॉनीटर (2020) के अनुसार, सबसे बड़ी 300 सहकारी समितियाँ और म्युचुअल्स 2,146 बिलियन अमरीकी डालर का कारोबार करते हैं।

सहकारी समितियां स्थायी आर्थिक विकास और स्थिर, गुणवत्तापूर्ण रोजगार में बहुत बड़ा योगदान देती है, ये समितियां विश्व भर में 280 मिलियन लोगों दूसरे शब्दों में, विश्व की नियोजित 10 प्रतिशत आबादी को रोजगार या काम के अवसर प्रदान करती है।

समितियों में स्वामित्व रखने वाले सदस्य, कारोबार संचालित करने वाले सदस्य और कारोबार में सेवारत सदस्यं के रूप में, सहकारी समितियां लोगों को सामूहिक रूप से उनकी आर्थिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाती हैं, जबकि उनकी सामाजिक और मानव पूंजी को मजबूत करती हैं और उनके समुदायों का विकास करती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन आज विश्व के सबसे बड़े गैर–सरकारी संगठनों में से एक है, यह विश्व भर में 3 मिलियन सहकारी समितियों में से 1 बिलियन से अधिक सहकारी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

आईसीए के अनुसार सहकारी समिति की परिभाषा

''सहकारी समिति व्यक्तियों का एक स्वायत्त संघ है जो संयुक्त रूप से स्वामित्व वाले और लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित उद्यम के माध्यम से अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से मिलकर काम करती है।''

सहकारी मूल्य

सहकारिता स्व–सहायता, आत्म–उत्तरदायित्व, लोकतंत्र, समानता, निष्पक्षता और एकजुटता के मूल्यों पर आधारित होती है। अपने संस्थापकों की परंपरा में सहकारी सदस्य ईमानदारी, खुलेपन, सामाजिक जिम्मेदारी और दूसरों की देखभाल के नैतिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं।

सहकारी सिद्धांत

सहकारी सिद्धांत में वे दिशानिर्देश शामिल हैं जिनके द्वारा सहकारी समितियां अपने मूल्यों को व्यवहार में लाती हैं। आईसीए के अनुसार सहकारिता के सात सिद्धांत इस प्रकार हैं:

1. स्वैच्छिक और खुली सदस्यता

सहकारिता स्वैच्छिक संगठन हैं, जो अपनी सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम और लिंग, सामाजिक, नस्लीय, राजनीतिक या धार्मिक भेदभाव के बिना सदस्यता की जिम्मेदारियों को स्वीकार करने के इच्छुक सभी व्यक्तियों के लिए खुले होते हैं।

2. लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण

सहकारिता अपने सदस्यों द्वारा नियंत्रित लोकतांत्रिक संगठन हैं, जो अपनी नीतियों को निर्धारित करने और निर्णय लेने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कार्यरत पुरुष और महिलाएं सदस्यता के प्रति जवाबदेह होते हैं। प्राथमिक सहकारी समितियों में सदस्यों को समान मताधिकार (एक सदस्य, एक मत) प्राप्त होता है तथा अन्य स्तरों पर सहकारी समितियों का आयोजन भी लोकतांत्रिक तरीके से होता है।

3. सदस्य आर्थिक सहभागिता

सदस्य अपनी सहकारी समिति की पूंजी में समान रूप से अंशदान करते हैं, और उसे लोकतांत्रिक तरीके से नियंत्रित करते हैं। आमतौर पर, उस पूंजी का कम से कम हिस्सा सहकारी की सामान्य संपत्ति होती है। सदस्य, को सदस्यता की शर्त के रूप में अभिदत्त पूंजी पर आमतौर पर सीमित मुआवजा, यदि कोई हो, प्राप्त होता है। सदस्य इनमें से: यथासंभव आरक्षित निधि स्थापित करते हुए अपनी सहकारी समिति को विकसित करने, जिसका हिस्सा कम से कम अविभाज्य होगा सहकारिता के साथ उनके लेन–देन के अनुपात में सदस्यों को लाभान्वित करने और सदस्यता द्वारा अनुमोदित अन्य गतिविधियों का समर्थन करने में किसी एक या सभी उद्देश्यों के लिए अधिशेष आवंटित करते हैं।

4. स्वायत्तता और स्वतंत्रता

सहकारी समितियां स्वायत्त, स्वयं सहायता संगठन होती हैं जिनका नियंत्रण उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है। यदि वे सरकारों सहित अन्य संगठनों के साथ समझौते करते हैं, या बाहरी स्रोतों से पूंजी जुटाते हैं, तो वे ऐसा उन शर्तों पर करते हैं जो उनके सदस्यों द्वारा लोकतांत्रिक नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं और उनकी सहकारी स्वायत्तता बनाए रखते हैं।

5. शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना

सहकारी समितियां अपने सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करती हैं ताकि वे अपनी सहकारी समितियों के विकास में प्रभावी योगदान दे सकें। वे आम जनता को– विशेष रूप से युवा लोगों और ओपिनियन लीडरों को– सहयोग की प्रकृति और लाभों के बारे में सूचित करते हैं।

6. सहकारी समितियों के बीच सहयोग

सहकारी समितियां अपने सदस्यों की सबसे प्रभावी ढंग से सेवा करती हैं और स्थानीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संरचनाओं के माध्यम से मिलकर काम करके सहकारी आंदोलन को मजबूत करती हैं।

7. समुदाय की चिंता

सहकारी समितियां अपने सदस्यों द्वारा अनुमोदित नीतियों के माध्यम से अपने समुदायों के सतत विकास की दिशा में काम करती हैं।

सहकारिता क्यों

स्थानीय विकास के लिए सहकारिता महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे स्थानीय संसाधनों की पहचान करते हैं और उनका उपयोग करते हैं, स्थानीय कौशल विकास में मदद करते हैं, आय सृजन में वृद्धि करते हैं और गरीबी उन्मूलन में योगदान करते हैं। वे बड़े शहरों में स्थानीय आबादी के प्रवास को रोकने के लिए अग्रणी सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों को एकीकृत करके बाजार तक पहुंच बनाने और बेहतर बुनियादी सुविधाओं के निर्माण में भी मदद करते हैं।

भारत में सहकारी आंदोलन

भारत में सहकारी समितियों का गठन पहली बार वर्ष 1890 के दशक के उत्तरार्द्ध में हुआ था जब पश्चिमी महाराष्ट्र के किसानों ने कृषि ऋण के लिए साहूकारों के अत्याचार के विरुद्ध विद्रोह

किया था। वर्ष 1904 में, भारत में ब्रिटिश सरकार ने महाराष्ट्र में गरीब किसानों के हितों की रक्षा के लिए सहकारी समिति अधिनियम लागू किया।

आजादी के बाद भारत में सहकारिता आंदोलन ने गति पकड़ी। सरकार ने महसूस किया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहकारी क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः सरकार ने अपनी पंचवर्षीय कार्य योजनाओं में इस क्षेत्र के लिए योजनाओं का प्रावधान किया। प्रत्येक गांव को कम से कम एक सहकारी समिति बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसने सहकारी खेतों की स्थापना में भी मदद की। कृषि बाजारों से, ये सहकारी समितियाँ ऋण क्षेत्र में, और बाद में अन्य बड़े पैमाने के क्षेत्रों जैसे आवास और विकास, मछली पकड़ने, बैंकिंग आदि में विविध हुईं। इससे विभिन्न प्रकार की सहकारी समितियों का गठन हुआ। आर्थिक विकास और प्रयोग के लिए उपलब्ध आय में वृद्धि ने भारत में सहकारी समितियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सहकारिता: भारत के समग्र विकास के लिए आगे की राह

भारत ने अचानक सहकारिता में एक नए सिरे से अभिरुचि दिखाई है क्योंकि भारत सरकार ने एक नया सहकारिता मंत्रालय बनाया है। कैबिनेट सचिवालय की राजपत्रित अधिसूचना के माध्यम से तत्कालीन कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण मंत्रालय के व्यवसाय में सहयोग और सहकारिता से संबंधित मौजूदा प्रविष्टियों को स्थानांतरित करके मंत्रालय बनाया गया था।

मंत्रालय का नेतृत्व श्री अमित शाह, माननीय सहकारिता मंत्री कर रहे हैं और श्री बी.एल. वर्मा, माननीय सहकारिता राज्य मंत्री सहयोगी के तौर पर नेतृत्व कर रहे हैं। सचिव, सहकारिता मंत्रालय का प्रशासनिक प्रमुख होता है। एक अपर सचिव, दो संयुक्त सचिव और एक केंद्रीय सहकारी समितियों का रजिस्ट्रार सचिव, सहकारिता की सहायता करते हैं।

मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, विधिक और नीतिगत ढांचा प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है। इसका मुख्य उद्देश्य सहकारी समितियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने वाले एक सच्चे जन–आधारित आंदोलन के रूप में जन–जन तक पहुंचाना है और सहकारी आधारित आर्थिक मॉडल विकसित करना है जहां प्रत्येक सदस्य जिम्मेदारी की भावना से काम करे। मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों में सहकारी समितियों के लिए ''कारोबार करने में आसानी'' की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और बहु–राज्य सहकारी समितियों के विकास को सुविधाजनक बनाना शामिल है। यह 'सहकार से समृद्धि" और इसके माध्यम से देश को समृद्ध बनाने के मंत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के हर वंचित का विकास तक पहुंच की चुनौती का सामना करने एवं हर गांव को सहकारिता से जोड़ने और हर गांव को समृद्ध बनाने में, पारदर्शिता लाने, आधुनिकीकरण,कम्प्यूटरीकरण, प्रतिस्पर्धी सहकारी समितियों के निर्माण, लगातार काम करने पर जोर देता है।

लोकल के लिए वोकल

भारतीय सहकारिता आंदोलन विश्व में सबसे बड़ा आंदोलन है जो भारत के लगभग 100 प्रतिशत गांवों को कवर करता है। सहकारी समितियां पूरे देश में समावेशी विकास और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देती रही हैं। वे व्यवसाय के लगभग हर क्षेत्र में मौजूद हैं और अब आर्थिक अवसरों के उद्भव और इसके सदस्यों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विविध हो गए हैं। वे स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए, स्थानीय लोगों को रोजगार देने और अपने सदस्यों और समुदाय की भलाई के लिए धन पैदा करने वाले आत्मनिर्भर उद्यम बन गए हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से शहरी क्षेत्रों और औद्योगीकरण पर निर्भर नहीं हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्र देश की अर्थव्यवथा में प्रमुख भूमिका निभाता रहेगा और इसे सुगम बनाने के लिए सहकारी समितियों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इसलिए यह नितांत आवश्यक होता जाता है कि इस क्षेत्र को पहचाना जाए और इसे बढ़ावा दिया जाए।

शीर्ष सहकारी संघ के रूप में नेफेड की भूमिका

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड), भारत में कृषि जिंसों के लिए सबसे बड़ी खरीद और विपणन एजेंसियों में से एक है। संघ किसानों के कल्याण को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने का काम भी करता है। नेफेड घाटे में चल रही सहकारी संस्था से एक लाभदायक इकाई के रूप में 360 डिग्री के बदलाव का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जो विश्व की दूसरी सबसे बड़ी 130 करोड़ की आबादी को खाद्यान पहुंचाने के राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा के मिशन को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रहा है। नेफेड न केवल भारत में, अपितु विश्व भर में विकसित देशों के लिए केंद्र सरकार द्वारा की गई मानवीय प्रतिबद्धता को पूरा करने में भी सदैव सबसे आगे रहा है। जब भी देश में या विश्व में कहीं भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है, तो भारत सरकार खाद्यान्न सहित आपातकालीन राहत सामग्री भेजती है, जिसे नेफेड सरकार के निर्देशों के अनुसार पूरी लगन और निष्ठा से निष्पादित करता आया है।

निदेशक मंडल

डॉ. बिजेन्दर सिंह
अध्यक्ष

डॉ. सुनील कुमार सिंह
उपाध्यक्ष

अन्य निदेशकगण

श्री दिलीप संघानी

डॉ. चन्द्र पाल सिंह यादव

श्री भंवर सिंह शेखावत

श्री आर. एस. जून

श्री जगजीत सिंह सांगवान

श्री नाना साहिब दत्ताजी पाटिल

श्री विशाल सिंह

श्री तरलोक सिंह

श्री रंजीत पाण्डेय

श्री पतंगे जयवंत राव

श्री आदित्य यादव

डॉ. के.वी.एस. कुमार

श्री प्रद्युम्न पी.एस., आईएएस

श्री पी. नरहरि, आईएएस

श्री अशोक ठाकुर
सरकार द्वारा नामित

निदेशक मंडल

श्री दिनेश कुमार, आईएएस
23.09.21 से

श्री संजीव कुमार चड्ढा, आईएफएस
प्रबंध निदेशक
20.01.2022 तक

श्री राजबीर सिंह, आईएफएस
प्रबंध निदेशक
20.01.2022 से

सह-चयनित निदेशक

श्री अजय कुमार राय

श्री मोहनभाई के. कुंदारिया

विशेष आमंत्रित

श्री मांगी लाल डांगा

कार्यकारी निदेशक

श्री सुनील कुमार सिंह
अपर प्रबंध निदेशक

श्री पंकज. के. प्रसाद
अपर प्रबंध निदेशक

श्री एस. के. वर्मा
अपर प्रबंध निदेशक (कार्यवाहक)
(विशेष आमंत्रित)

श्री ए.के. रथ
अपर प्रबंध निदेशक (कार्यवाहक)

श्री कमलेन्द्र श्रीवास्तव
कार्यकारी निदेशक

नेफेड की प्रबंधन टीम

श्री राजबीर सिंह, आईएफएस
प्रबंध निदेशक

श्री सुनील कुमार सिंह
अपर प्रबंध निदेशक

श्री पंकज कुमार प्रसाद
अपर प्रबंध निदेशक

श्री एस. के. वर्मा
अपर प्रबंध निदेशक (कार्यवाहक)

श्री ए. के. रथ
अपर प्रबंध निदेशक (कार्यवाहक)

श्री कमलेन्द्र श्रीवास्तव
कार्यकारी निदेशक

श्री अभिनव रावत
कार्यकारी निदेशक

अध्याय 5

नेफेड की बैठकें एवं सदस्यता (दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2022)

निदेशक मंडल	व्यवसाय समिति	कार्यकारी समिति	वित्त, लेखा एवं लेखापरीक्षा	परियोजना एवं विकास समिति
28.04.2021	28.07.2021	28.07.2021	28.04.2021	15.09.2021
28.07.2021	21.12.2021	21.12.2021	24.08.2021	-
24.08.2021	02.01.2022	16.03.2022	-	-
15.09.2021	16.03.2022	-	-	-
17.09.2021	-	-	-	-
21.12.2021	-	-	-	-
16.03.2022	-	-	-	-

नेफेड की सदस्यता

वर्ष 2021–22 के दौरान नेफेड की सदस्यता पिछले वर्ष के 944 सदस्यों से बढ़कर 978 हो गई है।

उपरोक्त सदस्यता का विस्तृत संघटन इस प्रकार है:

क्र.सं	सदस्यों की श्रेणी	दिनांक 01.04.2021 को सदस्यों की कुल संख्या	दिनांक 31.03.2022 को सदस्यों की कुल संख्या
1.	राज्य स्तरीय विपणन संघ	26	26
2.	शीर्ष स्तरीय विपणन संघ	03	03
3.	राज्य स्तरीय जनजातीय एवं जिंस संघ	25	25
4.	प्राथमिक विपणन/प्रसंस्करण समितियां	888	922
5.	एनसीसीएफ एवं अन्य राष्ट्रीय स्तरीय सहकारी संगठन	02	02
	योग	**944**	**978**

त्रिस्तरीय ढांचे के माध्यम से जमीनी स्तर के किसानों तक संपर्क स्थापित करना



नेफेड की पहुंच

अध्याय 6

नेफेड के गत पांच वर्षों का वित्तीय वृंतात (वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक)







वित्त वर्ष 2021-22 की व्यावसायिक गतिविधियाँ

टर्नओवर	₹ 19752.23 करोड़
सकल लाभ	₹ 248.73 करोड़
शुद्ध लाभ	₹ 139.27 करोड़

8781.90 करोड़ रुपये मूल्य की 1502909.53 मीट्रिक टन दलहन (पीएसएस/पीएसएफ के अंतर्गत) एवं तिलहन (पीएसएस के अंतर्गत) की खरीद

823.67 करोड़ रुपये मूल्य की 374201.416 मीट्रिक टन खाद्यान्न की खरीद

10410.39 करोड़ रुपये की संस्थागत आपूर्ति

पीएसएफ के अंतर्गत 439.83 करोड़ रुपये मूल्य के 213904.509 मीट्रिक टन प्याज की खरीद

406.95 करोड़ रुपये का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

13.71 करोड़ रुपये का खुदरा कारोबार

3.36 करोड़ रुपये की जैव-कृषि आगत सहित जैव उर्वरक का कारोबार

81.62 करोड़ रुपये का बीज का कारोबार

नेफेड की सफलता के सूत्र

मूल्य समर्थन योजना
(पीएसएस)

एनएडीसीपी

किसानों को बीज की आपूर्ति

कीमत स्थिरीकरण कोष
(पीएसएफ)

सेना व अर्द्धसैनिक बलों
को आपूर्ति

सरकारी संस्थानों को आपूर्ति

जैव-उर्वरक

खुदरा कारोबार

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

जैव-सीबीजी

अध्याय 7.1

नेफेड एक नजर में

मिशन, उद्देश्य और कार्य

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) की स्थापना गांधी जयंती के शुभ दिन के अवसर पर 2 अक्तूबर 1958 को की गई थी तथा बहु–राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत किया गया है। नेफेड का मिशन किसानों के लाभ के लिए सहकारी विपणन को बढ़ावा देना है।

नेफेड के मुख्य उद्देश्यों में कृषि, बागवानी और वन उपज के विपणन, प्रसंस्करण और भंडारण को व्यवस्थित करना, उसे बढ़ावा देना और विकसित करनाय कृषि मशीनरी, उपकरण और अन्य आदानों का वितरण करनाय यथास्थिति, थोक या खुदरा अंतर–राज्यीय, आयात और निर्यात व्यापार करना और भारत में मौजूद अपने सदस्यों, सहभागियों सहयोगियों और सहकारी विपणन, प्रसंस्करण और आपूर्ति समितियों के प्रचार और कामकाज करने के लिए कृषि उत्पादन में तकनीकी सलाह देना और सहायता करना शामिल है। नेफेड भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय बफर के निर्माण के माध्यम से प्याज और दलहन जैसी आवश्यक वस्तुओं के मूल्य स्थिरीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खेती करने वाले किसान नेफेड के मुख्य सदस्य हैं, जिन्हें नेफेड के कामकाज में सामान्य निकाय के सदस्यों के रूप में कहने का अधिकार है। नेफेड का प्रबंधन निदेशक मंडल में निहित है, जिसमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सम्मिलित हैं। मंडल की सहायता 2 स्थायी समितियां – कार्यकारी समिति और कार्य समिति करती हैं। इसके अलावा, मंडल एमएससीएस अधिनियम/नियमों और नेफेड के उप–नियमों के उपबधों के अनुसार दो और समितियों/उप–समितियों का भी गठन कर सकता है। नेफेड विगत 6 से अधिक दशकों से देश के किसानों और उपभोक्ताओं की निरंतर सेवा कर रहा है।

एक शीर्ष स्तरीय सहकारी समिति

भारत में, सहकारी समितियां किसानों की उपज के विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इन सहकारी समितियों ने देश की कृषि में अद्वितीय स्थान बनाया है। देश के लगभग सभी द्वितीयक बाजारों में प्राथमिक विपणन सहकारी समितियों की उपस्थिति है। जो राज्य विपणन संघों के सदस्य होते हैं जो स्वाभाविक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर नेफेड के सदस्य हैं। इस प्रकार, नेफेड भारत में शीर्ष स्तरीय सहकारी विपणन संघ है, जिसकी देश भर के सुदूर हिस्सों में इसकी तीन स्तरीय संरचना के माध्यम से सीधी पहुंच है, जिसमें सबसे नीचे प्राथमिक सहकारी समितियाँ, मध्य में राज्य स्तरीय सहकारी समितियाँ और शीर्ष पर नेफेड शामिल है। नेफेड की गतिविधियाँ किसानों के हितों की रक्षा करके कृषि की बेहतरी में योगदान करती हैं। नेफेड अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का भी सदस्य है।

31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार, नेफेड के 978 सदस्य हैं, जिनका प्रतिनिधित्व शीर्ष स्तर के विपणन/उपभोक्ता सहकारी समितियां/अन्य राष्ट्रीय स्तर के संघों, राज्य स्तरीय विपणन/जनजातीय/जिंस संघों और प्राथमिक सहकारी विपणन/प्रसंस्करण समितियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

नेफेड के कारोबारी कार्य

घरेलू प्रचालन

- मूल्य समर्थन कार्यों का कार्यान्वयनः नेफेड कीमत समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत तिलहन और दलहन की खरीद के लिए भारत सरकार की केंद्रीय नोडल एजेंसियों में से एक है। जब भी कीमतें भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे गिरती हैं तो नेफेड तिलहन, दलहन और छिलके वाले नारियल, मिलिंग/बॉल खोपरा की अधिसूचित फसलों की एमएसपी पर खरीद करता है।

- प्रत्यक्ष बजट आवंटन के विषय पर तिलहन एवं दलहन, खाद्यान्न, मसाले, बागवानी उत्पाद और सब्जियां जैसे प्याज, आलू, टमाटर आदि की खरीद और विपणन करना।
- भारत सरकार के मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) योजना के अंतर्गत दलहन एवं प्याज की खरीद के लिए केंद्रीय एजेंसियों में से एक।
- एमएसपी पर गेहूं व धान की खरीद के लिए विकेंद्रीकृत खरीद (डीसीपी) योजना के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य सरकारों की ओर से एक नोडल राज्य एजेंसी।
- पीडीएस, एमडीएम, आईसीडीएस कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सेना, सीपीएमएफ और राज्य सरकारों को सूखी दालों की आपूर्ति।
- टिकाऊ कृषि के लिए जैव उर्वरकों का उत्पादन व विपणन।
- विभिन्न प्रकार के कृषि एवं नगरपालिका कचरे का प्रशोधन करते हुए संपीडित बायो गैस (सीबीजी) का उत्पादन।
- कश्मीर में सेब की खरीद – बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के अंतर्गतवर्ष 2019–2020 एवं 2020–2021 के दौरान जम्मू और कश्मीर में सेब की खरीद के लिए भारत सरकार की नामित केंद्रीय नोडल एजेंसी।
- जैविक खेती: उत्तर प्रदेश, पंजाब, बिहार, ओड़िशा एवं उत्तराखंड में, 50,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को कवर करते हुए जैविक खेती के अंगीकरण एवं प्रमाणन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में 14 वर्षों का अनुभव।
- नेफेड के ब्रांड नाम से प्रमाणित बीजों का उत्पादन: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएसीएंडएफडब्ल्यू), भारत सरकार के केंद्रीय बीज एजेंसियों में से एक नेफेड बीज मिनी किट वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत साथ ही विभिन्न राज्य सरकारों को सामान्य आपूर्ति के सापेक्ष दलहन, तिलहन और अनाज के प्रमाणित बीज का उत्पादन, वितरण और विपणन करता है।
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) – मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के साथ उनके एफएमडी वब्रुसेला जनित रोगों के उन्मूलन के मिशन में मिलकर काम कर रहा है।
- औद्योगिक इकाइयाँ: नेफेड का देश भर में भूमि, भूखंड, आवासीय परिसरों, कार्यालय परिसर, गोदामों, शीत–भंडारण और औद्योगिक इकाइयों के रूप में विभिन्न संपत्तियों का स्वामित्व है।
- खुदरा व्यापार: नेफेड ने उपभोक्ता उत्पादों की अपनी श्रृंखला विकसित की है, जिनका विपणन नेफेड के ब्रांड नाम के अंतर्गत नेफेड बाजारों के खुदरा दुकानों के माध्यम से और ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी किया जाता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार:** नेफेड के पास सभी प्रकार की कृषि जिंसों जैसे दलहन, खाद्यान्न, मसालों, खाद्य तेलों, बिना तेल का अर्क, जल्दी खराब होने वाली खाद्य सामग्री जैसे सेब, आम, कीनू, नारंगी, अंगूर, स्ट्रॉबेरी, प्याज, एवं आलू इत्यादि सहित ताजे फलों और सब्जियों के आयात एवं निर्यात का दशकों का अपार अनुभव, विशेषज्ञता व बुनियादी ढांचा है।
- भारत सरकार की ओर से मानवीय राहत और अन्य सहायता का शिपमेंट: नेफेड भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की ओर से मानवीय सहायता के तौर पर विभिन्न देशों को कृषि जिंसों एवं अन्य जिंसों की आपूर्ति भी करता है।

नेफेड का बुनियादी ढांचा और पहुंच

नेफेड का बुनियादी ढांचा नेफेड शाखाओं, उप कार्यालयों, औद्योगिक इकाइयों, मार्केट यार्ड आदि के नेटवर्क और तीन स्तरीय सहकारी नेटवर्क के माध्यम से देश भर में फैला हुआ है।

नेफेड का नेटवर्क

उत्तरी क्षेत्र (पांच राज्यों में पांच शाखाएं एवं तीन उप कार्यालय)
दक्षिणी क्षेत्र (पांच राज्यों में चार शाखाएं एवं दो उप कार्यालय)
पश्चिमी क्षेत्र (तीन राज्यों में पांच शाखाएं एवं दो उप कार्यालय)
पूर्वी क्षेत्र (पांच राज्यों में पांच शाखाएं एवं एक उप कार्यालय)
SRINAGAR [SUB-OFFICE]
JAMMU & KASHMIR
HIMACHAL PRADESH
SHIMLA [SUB-OFFICE]
PUNJAB
CHANDIGARH
UTTARAKHAND
HARYANA
[DELHI]
[HEAD-OFFICE]
RUDRAPUR [SUB-OFFICE]
AZADPUR
JAIPUR
LUCKNOW
RAJASTHAN
UTTAR PRADESH
BIHAR
PATNA
SIKKIM
GUWAHATI
ASSAM
NAGALAND
MEGHALAYA
MANIPUR
TRIPURA
MIZORAM
JHARKHAND
WEST BENGAL
KOLKATA
RANCHI [SUB-OFFICE]
AHMEDABAD
GUJARAT
RAJKOT [SUB-OFFICE]
INDORE
BHOPAL
MADHYA PRADESH
CHHATTISGARH
RAIPUR
NASHIK
NAGPUR [SUB-OFFICE]
BHUBNESHWAR
ODISHA
MUMBAI
MAHARASHTRA
ANDHRA PRADESH
HYDERABAD
VIJAYAWADA [SUB-OFFICE]
KALABURGI [SUB-OFFICE]
KARNATAKA
TELANGANA
BANGALORE
CHENNAI
LAKSHADWEEP
KAVARATTI
KERALA
TAMIL NADU
COCHIN
ANDAMAN & NICOBAR ISLANDS
PORT BLAIR
MAP NOT TO SCALE

नेफेड का कारोबारी कार्यक्षेत्र



अध्याय 8.1

दलहन और तिलहन

नेफेड के पास देश भर में तिलहन और दलहन की भारी खरीद और विपणन का दशकों का अनुभव है। नेफेड के खरीद कार्यों से इन जिंसों की खेती करने वाले किसान वर्षों से काफी लाभान्वित हुए हैं।

भारत सरकार की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत दलहन और तिलहन की खरीद

कृषि क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने और कृषि जिसों के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने को ध्यान में रखते हुए किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य प्राप्त करने में सहायता करने के लिए, भारत सरकार प्रत्येक खरीफ और रबी फसल के मौसम के लिए 25 अधिसूचित कृषि वस्तुओं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है। नेफेड मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत तिलहन, दलहन और खोला गिरी की 15 अधिसूचित कृषि जिंसों की खरीद के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियों में से एक है और तीन से अधिक दशकों से भारत सरकार की ओर से इस योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर रहा है। नेफेड पीएसएस के अंतर्गत छिलके वाले नारियल की खरीद के लिए नोडल एजेंसी भी है।

योजना के अंतर्गत, खरीद तभी की जाती है, जब उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) स्टॉक का बाजार मूल्य घोषित एमएसपी पर अथवा उससे कम हो एवं खरीद तब तक जारी रखी जाती है जब तक कि बाजार की कीमतें घोषित एमएसपी के अधिक कीमत पर स्थिर न हो अथवा फसल कटाई की अवधि को संबंधित राज्य सरकारों की घोषणानुसार 90 दिन हो गये हों जो भी पहले हो। नेफेड राज्य स्तर पर एवं प्राथमिक जमीनी स्तर पर अपने सहकारी नेटवर्क के माध्यम से किसानों से सीधे पीएसपी के अंतर्गत एफएक्यू स्टॉक खरीद रहा है।

कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग (डीएसीएंडएफडब्ल्यू) के निदेश एवं अनुमोदनानुसार, नेफेड ने वर्ष 2020–21 के दौरान पीएसएस के अंतर्गत 7,072.21 करोड़ रुपये की 12.62 लाख मीट्रिक टन दलहन और तिलहन की खरीद की है। इस खरीद से संघ को सेवा शुल्क के रूप में लगभग 69.07 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

भारत सरकार की मूल्य स्थिरीकरण निधि (पीएसएफ) योजना के अंतर्गत दालों की खरीद

भारत सरकार ने दालों के बफर स्टॉक के निर्माण के लिए पीएसएफ योजना आरंभ की है, जिसे वर्तमान में उपभोक्ता मामले विभाग (डीओसीए), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

  फलीदार फसलों के लिए राइजोबियम

  अनाज, बाजरा, सब्जियों और अन्य बागवानी फसलों के लिए एजोटोबैक्टर

  मक्का, बाजरा, आलू, आदि के लिए अजोस्पिरिलम

  सभी फसलों के लिए पीएसबी

  जैविक कचरे के अपघटन के लिए कम्पोस्टिंग कल्चर

  सभी फसलों के लिए ट्राइकोडर्मा विराइड बायो फंजीसाइड्स

- नेफेड ब्रांड जैव उर्वरक व्यापार में मौजूदा गला काट प्रतिस्पर्धा के बावजूद किसानों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। खरीददारों को उचित और समय पर वितरण की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इन जैव उर्वरकों का विपणन देश भर में फैली नेफेड की शाखाओं के माध्यम से किया जाता है। नेफेड की इन जैव–उर्वरक इकाईयों में तरल जैव–उर्वरकों का उत्पादन और विपणन भी आरंभ कर दिया गया है। नेफेड के ये उत्पाद किसानों को उनकी फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार लाने में काफी हद तक मदद कर रहे हैं।

वर्ष 2021–22 के दौरान जैव–उर्वरक श्रेणी में नेफेड जैव–उर्वरक इकाई, इंदौर ने 17.85 लाख रुपये के सकल लाभ के साथ लगभग कुल 48.21 लाख रुपये का कारोबार किया। इसी अवधि में बैक टू बैक बायो–एग्री इनपुट में लगभग 11.34 लाख के सकल लाभ के साथ कुल 2.12 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

नेफेड के स्वयं के निर्मित उत्पादों के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए उत्पादों को जोड़ने के साथ जैव उर्वरक उत्पादन सुविधाओं के उन्नयन की प्रक्रिया के साथ एनएसबीडी इंदौर का नवीनीकरण कार्य शुरू किया जाना है। ट्राइकोडर्मा विराइड (जैव–कवकनाशी) के उत्पादन के लिए सीआईबी से स्थायी पंजीकरण लाइसेंस शीघ्र ही प्राप्त होने की उम्मीद है।

अध्याय 8.14

जलवायु अनुकूल नवाचार (सीआरआई)

नेफेड ने हरित भविष्य और ''स्वच्छ भारत'' के निर्माण में योगदान देने के उद्देश्य से कृषि और नगरपालिका कचरे से कम्प्रेस्ड बायो गैस/ऑर्गेनिक खाद के उत्पादन के हरित व्यवसाय में कदम रखा है। इस मिशन को प्राप्त करने के लिए, नेफेड का लक्ष्य पूरे भारत में जैव–ईंधन संयंत्र स्थापित करना है। मेसर्स टरकोइस नेचुरल बायो एनर्जी के सहयोग से नेफेड द्वारा शुरू की गई पहली जैव ईंधन संयंत्र परियोजना को 20 मार्च, 2021 को गुजरात के भरूच में चालू किया गया। संयंत्र में फीडस्टॉक के 150 टीपीडी की प्रसंस्करण क्षमता है। नेफेड ने अपने तकनीकी और वित्तीय भागीदारों के संयंत्रों से उत्पादित जैविक खाद का विपणन और बिक्री भी आरंभ कर दिया है।

नेफेड अब देश के अन्य हिस्सों में भी जैव ईंधन संयंत्र शुरू करने के लिए तैयार है। 19 जनवरी, 2019 को नेफेड और अहमदाबाद नगर निगम के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके बाद नेफेड अहमदाबाद नगर निगम और अपने तकनीकी और वित्तीय भागीदार के बीच 27 जनवरी, 2022 को अहमदाबाद में नगरपालिक का ठोस कचरे से 500 टीपीडी जैव ईंधन संयंत्र स्थापित करने के लिए रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। नेफेड ने 15 फरवरी 2022 को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ संपीड़ित बायो–गैस, इथेनॉल, बायोडीजल के उत्पादन, पौधों के लिए फीडस्टॉक की सोर्सिंग एवं सीबीजी, किण्वित कार्बनिक खाद (एफओएम), तरल किण्वित जैविक खाद, घुलनशील (डीडीजीएस) के साथ सूखे डिस्टिलर अनाज आदि जैसे तैयार उत्पादों के विपणन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन में पशु आहार, समृद्ध खाद उत्पादन आदि जैसे विभिन्न उत्पादों के प्रसंस्करण/मूल्य संवर्धन के लिए संयंत्रों की स्थापना और इंडियन ऑयल के खुदरा नेटवर्क और नेटवर्क के परिसर में नेफेड स्टोर्स की स्थापना/बायो–सीबीजी की स्थापना शामिल है। नेफेड ने चेन्नई में 3 (तीन) संपीड़ित बायो गैस संयंत्रों की स्थापना के लिए मैसर्स स्पार्क बायो गैस के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिसे चेन्नई नगर निगम संयंत्रों द्वारा सम्मानित किया गया था, जो दिसंबर 2022 के अंत तक चालू हो जाएगा। नेफेड ने श्रीनगर में डल एवं नागिन झील में उत्पन्न होने वाली खरपतवार और लिली को दबाने हेतु संयत्र स्थापित करने के लिए जे एण्ड के कंजर्वेशन एण्ड मैनेजमेंट अथॉरिटी के साथ एक रियायत समझौता हस्ताक्षरित किया है। डल और नागिन झील से निकलने वाले कचरे से श्रीनगर में संयंत्र स्थापित करने के लिए नेफेड और नेफेड के तकनीकी और वित्तीय भागीदार के बीच एक विशिष्ट समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

ग्रीन फील्ड प्लांट

अध्याय 9

विधि और टाई अप

1. नेफेड के सभी प्रभागों और शाखाओं को विधि प्रभाग द्वारा सक्रिय रूप से सहायता प्रदान की जा रही है। यह प्रभाग पैनल में सूचीबद्ध अधिवक्ताओं और विधि फर्मों, प्रधान कार्यालय के सभी प्रभागों एवं शाखाओं के साथ गहन समन्वय स्थापित करते हुए अखिल भारतीय आधार पर सभी लंबित टाई–अप व विधिक मामलों की गहनता से निगरानी कर रहा है।

2. वर्ष के दौरान टाई–अप और विधि प्रभाग के कार्य निष्पादन एवं संबंधित सकारात्मक परिणामों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:

   क. नेफेड द्वारा न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग (एनसीडीआरसी), नई दिल्ली के समक्ष दायर किया गया जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीडीआरसी के दिनांक 18.12.2018 नेफेड के पक्ष में दिये गये निष्कर्षों को बरकरार रखते हुए एसएलपी (सी) संख्या 6048/2019 में पारित दिनांक 04.03.2022 निर्णय के अंतर्गत नेफेड के निर्यात किए गए वस्तुओं को हुई क्षति के लिए बीमा दावा गया है। इस निर्णय के अनुसार, न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी द्वारा नेफेड को 59321385/– रुपये (टीडीएस के बाद) का भुगतान किया गया है।

   ख. माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अलीमेंटा एस.ए. द्वारा दायर समीक्षा याचिका जिसमें सीए संख्या 667/2012 में निर्णय दिनांक 22.04.2020 की समीक्षा की मांग की गई थी, को दिनांक 04.08.2021 के आदेश द्वारा खारिज कर दिया गया है।

   ग. मुंबई अलीमेंटा के मामले में अंतिम बहस समाप्त हो गई थी और निर्णय दिनांक 03.02.2020 तक के लिए सुरक्षित रखा गया था। हालांकि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सीए संख्या 667/2012 में दिनांक 22.04.2020 पारित निर्णय मामला आगे की सुनवाई के लिए रखा गया है।

   घ. हैदराबाद में नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की व्यापक निगरानी में टाई–अप चूककर्ता हैंडम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संबंध में दिवाला कार्यवाही चल रही है।

   ङ. व्यापार परिपत्र संख्या 142 और आगे के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 21.12.2020 के अनुपालन में विधि प्रभाग द्वारा संकलन कार्य और रजिस्ट्री संख्या जारी करने का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय रजिस्ट्री में जमा किए गए सभी मूल करारों/संविदाओं के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया चालू वर्ष में आरंभ की गई थी और यह अभी भी जारी है।

   च. मुंबई में मेगा मॉल के संबंध में नीलामी प्रक्रिया, जो निष्पादन न्यायालय द्वारा पारित दिनांक 31.07.2019 आदेश के कारण रोकी गई थी, को बॉम्बे उच्च न्यायालय की खंडपीठ के दिनांक 30.03.2021 के आदेशानुसार पुनः आरंभ की गई है।

   छ. निदेशक मंडल द्वारा यथा निदेशित ब्याज और सेवा शुल्क पर छूट के अलावा मूल राशि पर छूट की मांग करने वाले टाई–अप चूककर्ताओं के ओटीएस प्रस्तावों के संबंध में भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं।

   ज. विधि और टाई–अप प्रभाग संघ के मामलों का बारीकी से अध्ययन करने में उल्लेखनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

अध्याय 10

जनसंपर्क

नेफेड का जनसंपर्क प्रभाग किसानों, उपभोक्ताओं, जनता और अन्य हितधारकों के बीच संघ की अनुकूल कॉर्पोरेट छवि बनाने के उद्देश्य से नेफेड के उत्पादों, सेवाओं, संचालन और अन्य गतिविधियों के बारे में प्रभावी संवाद स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। प्रभाग इस उद्देश्य के लिए पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है जिसमें विभिन्न आयोजनों/मेलों/प्रदर्शनियों का आयोजन/उनमें सहभागिता करना विभिन्न रिपोर्टों/विशेष प्रकाशनों, पुस्तकों, विज्ञापन–प्रसार, विज्ञापनों और प्रेस विज्ञप्तियों का प्रकाशन ब्रोशर, लीफलेट, पैम्फलेट और बैनर की छपाई नेफेड के कारोबार से संबंधित वृत्तचित्र की तैयारी, डिजिटल मीडिया का उपयोग और अन्य प्रचालन/ गतिविधियां शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, प्रभाग ने नेफेड का विस्तार करने एवं लोगों तक पहुंच बढ़ाने के लिए निम्नलिखित क्रियाकलाप पूर्ण किए हैं।

प्रिंट मीडिया

- त्रैमासिक समाचार पत्र – नेफेड के त्रैमासिक समाचार पत्र का प्रकाशन व वितरण।
- वार्षिक प्रतिवेदन– सांविधिक अपेक्षानुसार अंग्रेजी और हिंदी में नेफेड की वार्षिक रिपोर्ट का प्रकाशन।
- नेफेड की विभिन्न कारोबारी गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नववर्व की डायरी और कैलेंडरों का प्रकाशन व वितरण।
- प्रमुख समाचार पत्रों, पत्रिकाओं में नेफेड की सफलता की कहानियों और नए कार्यो प्रकशन तथा कृषि से संबंधित वेब पोर्टलों में उसे होस्ट करना।
- नेफेड के संबंधित प्रभागों की अपेक्षाओं के अनुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन/निविदा नोटिसों का प्रकाशन।

ऑनलाइन प्रचार/सोशल मीडिया अभियान

- नेफेड के बैनर विज्ञापनों, न्यूजलेटर्स, वेब पोर्टल्स ऑफ इंडिया कोऑपरेटिव, एग्रीकल्चर टुडे आदि पर सफलता की कहानियों को होस्ट करना।
- जनता और हितधारकों को लाभ पहुंचाने और सोशल मीडिया पर नेफेड का विस्तार करने के लिए नए आयामों/उत्पाद लान्चिग/कार्यक्रमों और नेफेड की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों का नियमित ट्वीट करना।

क्रार्यक्रमों में सहभागिता

- प्रभाग ने देश भर में विभिन्न प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में नेफेड की सहिभागिता सुनिश्चित की, जो इस प्रकार हैं:
  - भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला, 2021 प्रगति मैदान, नई दिल्ली
  - एनसीयूआई द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सहकारी मेला
  - वाव–अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव नई दिल्ली
  - प्री–वाइब्रेंट गुजरात, आनंद, गुजरात
  - सहकार भारती 2021, लखनऊ
  - कृषि–दृष्टिकोण 2021, लखनऊ
  - फ्रेश इंडिया शो 2021, नई दिल्ली
  - उत्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित बाल महोत्सव
  - मेक इन उत्तराखंड, देहरादून

ऑडियो-विजुअल मीडिया

- किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सफलता की कहानियों पर प्रकाश डालने वाली एक लघु वृत्तचित्र फिल्म बनाई गई थी।
- डीडी न्यूज, डीडी किसान, ऑल इंडिया रेडियो, आदि में नेफेड की सफलता की कहानियों के मीडिया कवरेज की व्यवस्था

एजीएम संबंधी

- स्थानीय मीडिया और समाचार चैनलों में नेफेड की वार्षिक आम बैठक (23 सितंबर, 2021 को आयोजित) का प्रचार और मीडिया कवरेज।

नेफेड में आमूलचूल बदलावों पर रिपोर्ट का प्रकाशन

जन संपर्क प्रभाग ने नेफेड के बेहद प्रभावशाली वित्तीय बदलाव का विवरण देते हुए रिपोर्ट संकलित और प्रकाशित की। यह रिपोर्ट वर्ष 2016 से वर्ष 2018 तक सरकार और निदेशक मंडल के समन्वय में नेफेड के प्रबंधन द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों का लेखा–जोखा प्रस्तुत करती है, जिसने नेफेड को सतत बदलाव की ओर अग्रसर होने में सक्षम बनाया और भविष्य के लिए अपने कारोबारी मॉडल को नया रूप दिया। इस रिपोर्ट में नेफेड द्वारा संघ के अस्तित्व को खतरे में डालने वाले लगभग एक दशक के लिए भारी वित्तीय नुकसान के कारणों पर भी विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है।



प्रमुख आयोजनों में नेफेड की सहभागिता की झलकियां

आईआईएफटी (भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2021), नई दिल्ली

प्री-वाइब्रेंट गुजरात, आनंद, गुजरात

सहकार भारती 2021, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

वाव-अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 2021, नई दिल्ली

एग्रो विजन 2021, लखनऊ, उत्तर प्रदेश

अध्याय 11

कार्मिक और सतर्कता

कार्मिक

भर्ती

एक सफल संगठन के लिए कर्मचारी वास्तविक संपत्ति होती हैं। कर्मचारियों की उचित संख्या को उचित समय और उचित स्थान पर उपलब्ध कराना और उन्हें सुव्यवस्थित करना कार्मिक विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है।

जनशक्ति के मूल्यांकन और योजना बनाने के उपरांत, संगठन के कारोबारी मामलों के सुचारू संचालन के लिए वामिनीकॉम के माध्यम से सहायक प्रबंधकों (लेखा) की भर्ती की गई। इसके अलावा, संघ में एक्सआईएमबी, भुवनेश्वर, वैमनिकोम, पुणे और एनआईएएम, जयपुर से प्रबंधन प्रशिक्षु चयनित किए गए थे।

प्रसूति छुट्टी नियमों में संशोधन

फेडरेशन के मौजूदा मैटरनिटी लीव रूल्स में मैटरनिटी एक्ट के अंतर्गत जरूरी संशोधन किए गए हैं।

ऑनलाइन एचआरएमएस का स्वचालन

डिजिटल होना समय की मांग है इसलिए, वर्ष के दौरान मानव संसाधन से संबंधित प्रणाली को स्वचालित बनाने पर अत्यंत ध्यान दिया गया है। संघ में वार्षिक संपत्ति लाभ, एपीएआर, प्रशिक्षण और कार्य–निर्वाह निर्माण, वार्षिक वेतन वृद्धि आदि जैसे आवेदन एचआरएमएस पर लेना आरंभ किया गया।

कोरोना वायरस से मौत के मामले में मुआवजा

कोविड–19 महामारी के बीच, नेफेड ने अपनी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे आईसीडीएस, एमडीएम, पीडीएस इत्यादि के अंतर्गत राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रीय बफर से विभिन्न प्रकार की मिल वाली/ साफ की गई दालों की आपूर्ति करना जारी रखा। इन सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के प्रति प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए संघ के कर्मचारियों ने महामारी के दौरान भी अथक परिश्रम किया। अतः इन योजनाओं के कार्यान्वयन की आवश्यता को देखते हुए संघ ने एक नीति बनाई थी कि कोरोना वायरस के कारण किसी भी कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके नामित व्यक्ति को मुआवजे के रूप में 40 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

कोविड–19 के कारण श्री कमल भूषण के निधन पर परिवार को मुआवजा राशि सौंपते हुए।

पुरस्कार और सम्मान

कर्मचारियों के अथक परिश्रम और सेवाभाव, जिन्होंने विशेष रूप से कोविड–19 के कठिन और अभूतपूर्व समय के दौरान जब सरकार द्वारा देशव्यापी तालाबंदी की घोषणा की गई थी, के सराहनीय प्रदर्शन को सराहा और सम्मान दिया गया। एजीएम–2021 के दौरान अठारह कर्मचारियों को नकद प्रोत्साहन से सम्मानित किया गया था। पात्र कर्मचारियों को इंपलॉई ऑफ द मंथ का पुरस्कार प्रदान किया गया।

सतर्कता

नेफेड का सतर्कता प्रभाग कर्मचारियों में कोई अनुचित भय या मनोबल गिराए बिना सतर्कता कार्य का निर्वहन करने संघ के हित को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के बीच नौकरी की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता पैदा करने भ्रष्टाचार और अन्य कदाचार के मामलों का पता लगाना और जांच करना

और प्रबंधन को निवारक कार्रवाइयों पर सलाह देना ताकि भ्रष्टाचार और कदाचार की संभावना को कम किया जा सके। के मूल उद्देश्य को ध्यान में रखकर काम कर रहा है।

सत्यनिष्ठा समझौता

केंद्रीय सतर्कता आयोग की संस्तुति पर, सभी बड़ी खरीदी के संबंध में संघ में ऐसे सत्यनिष्ठा समझौता का अंगीकरण किया गया था, जिसमें संभावित विक्रेताओं, बोलीदाताओं और खरीदारों के बीच अनिवार्य रूप से समझौते की परिकल्पना की गई है और जो दोनों पक्षों के व्यक्तियों/अधिकारियों को संविदा के किसी भी पहलू पर किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचारी प्रभाव का इस्तेमाल न करने के लिए प्रतिबद्ध बनाता है। सत्यनिष्ठा समझौता के आवश्यक तत्वों को रेखांकित करते हुए आयोग द्वारा तैयार एसओपी को भी बखूबी अपनाया गया। सत्यनिष्ठा समझौते में स्वतंत्र बाहरी निगरानीकर्ता (आईईएम) के एक पैनल की परिकल्पना की गई है जो स्वतंत्र रूप से और निष्पक्ष रूप से समीक्षा करेगा कि क्या और किस हद तक पार्टियों ने सत्यनिष्ठा समझौता के अंतर्गत अपने दायित्वों का अनुपालन किया है। आयोग से प्राप्त नामांकन के अनुसार आईईएम की नियुक्ति के अनुपालन में श्री हेम पांडे, आईएएस (सेवानिवृत्त) को नेफेड और इसकी शाखाओं/कार्यालयों/उप कार्यालयों/समितियों द्वारा अपनाए गए सत्यनिष्ठा समझौते को लागू करने के लिए स्वतंत्र बाहरी निगरानीकर्ता (आईईएम) के रूप में नियुक्त किया गया था।

छुटी सूची

गलती करने वाले और चूक करने वाले बोलीदाताओं, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं, विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए, संघ में छुट्टी सूची नीति आरंभ की गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा घोषित 26 अक्तूबर से 1 नवंबर, 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाते हुए, नेफेड ने भ्रष्टाचार से लड़ने और संगठन में सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को पुनः दोहराया। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने यइ सप्ताह ''स्वतंत्र भारत के 75 वर्ष सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता'' विषय के साथ मनाने का निर्णय लिया। प्रबंध निदेशक, नेफेड ने मौजूदा कोविड –19 रोकथाम दिशानिर्देशों का पालन करते हुए कर्मचारियों को 26 अक्तूबर, 2021 को मुख्यालय, नई दिल्ली में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इसी दौरान पूरे भारत के अन्य कर्मचारियों ने भी अपने–अपने स्थानों से शपथ ली। इसी क्रम में नेफेड में 28 अक्तूबर 2021 को सतर्कता से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें संघ के कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा, 1 नवंबर, 2021 को ''प्रबंधन उपकरण के रूप में सतर्कता की प्रासंगिकता'' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें संघ के कर्मचारियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस प्रश्नोत्तरी एवं वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को क्रमशः 5000/– रुपये, 3000/–रुपये और 2000/–रुपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

नेफेड के अधिकारीगण व कर्मचारीगण सत्यनिष्ठा की शपथ लेते हुए

अपर प्रबंध निदेशक (सतर्कता), नेफेड के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान

अध्याय 12

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी)

जीवन के लगभग हर पहलू में तकनीकी विधा को आत्मसात करने के स्तर के साथ, आईटी प्रभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है और किसी भी संगठन की सफलता के लिए आईटी प्रभाग एक अभिन्न अंग होता है। नेफेड का आईटी प्रभाग बेहद कुशल व सक्रिय है। नेफेड के प्रधान कार्यालय एवं इसकी शाखाओं के विशाल नेटवर्क में अधिष्ठापित कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और नेटवर्क सिस्टम का अधिष्ठापन एवं रखरखाव के नियमित काम के अलावा, यह प्रभाग नेफेड के सिस्टमों को जब भी आवश्यक हो, अपग्रेड करने के लिए तकनीकी प्रगति के साथ स्वयं को भी पूरी तरह से अपडेट रखता है।

प्रभाग, इस बात से भली भांति परिचित है कि नियमित कार्यों को स्वचालित करने की योग्यता संगठन की समग्र दक्षता बढ़ाने का एक शानदार तरीका है, इसलिए प्रभाग आवश्यक तकनीकी सहायता/समाधान प्रदान करने के लिए पूर्णतया सक्रिय रहता है एवं व्यावसायिक प्रभागों की तकनीकी आवश्यकताओं के साथ स्वयं को सदैव तत्पर रखता है। प्रभाग का उद्देश्य न केवल कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करना है अपितु बेहतर निगरानी, जांच और नियंत्रण को सुगम बनाना है। प्रभाग ने बढ़ी हुई दक्षता और बेहतर उत्पादकता पर जोर देने के उद्देश्य के साथ बेहतर गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने में आईटी समाधानों को वितरित/कार्यान्वित करके नेफेड की मुख्यधारा की गतिविधियों के लिए उन्नत एवं उच्च तकनीकी आईटी सक्षम सेवाएं प्रदान करना जारी रखा है। वर्ष के दौरान प्रभाग द्वारा विभिन्न पहलें की गईं जो इस प्रकार हैं:

- **एनएडीसीपी परियोजना का समर्थन करने के लिए क्यूआर कोड आधारित ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम का रखरखाव और समर्थन**

  आईटी प्रभाग ने क्यूआर कोड आधारित ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम के रखरखाव और समर्थन की सुविधा प्रदान की है। यह प्रणाली देश भर में आपूर्ति श्रृंखला और पशु टीकों आदि की डिलीवरी को नजर करने में सक्षम है। यह प्रासंगिक सूचनाओं और रिपोर्टों की निगरानी और उन तक पहुंचने के लिए सभी हितधारकों के लिए वन स्टॉप एक्सेस के रूप में कार्य करता है। पूरे भारत में लाखों जानवरों के टीके इस प्रणाली का उपयोग करके वितरित किए गए और उन पर नजर रखी गई।

- **कोविड-19 के दौरान संघ की सहायता**

  कई विशेषताओं के साथ एसएएएस आधारित ई–मेल सुविधा के कार्यान्वयन जैसे आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करके लॉकडाउन के दौरान नेफेड के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए घर से काम की सुविधा, जो कर्मचारियों को दस्तावेजों पर मिलकर काम करने, दस्तावेजों के लिए क्लाउड स्टोरेज, ऑडियो और वीडियो कांफ्रेंसिंग शेड्यूलिंग आदि की सुविधा प्रदान करता है। इस प्रणाली को ब्राउजर और मोबाइल उपकरणों के माध्यम से भी एक्सेस किया जा सकता है। इस अवधि के दौरान लागू किए गए अन्य घर से काम करने की सुविधा में वीडियो कॉन्फ्रेंस सुविधा और विभिन्न शाखाओं और मुख्यालय में स्थापित वीसी के साथ उनका एकीकरण था। वीसी सुविधा ने कर्मचारियों को लैपटॉप और मोबाइल उपकरणों के माध्यम से अपने घरों से वीसी बैठकों में शामिल होने की सुविधा प्रदान की और इस प्रकार कोविड –19 के प्रकोप के दौरान सामाजिक दूरी को भी सुगम बनाया। आईटी प्रभाग की पहल ने इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान नेफेड में निर्बाध कार्य करना सुनिश्चित किया है।

- **ई-नीलामी के लिए मल्टी पोर्टल प्रबंधन प्रणाली (एमपीएमएस) का रखरखाव और समर्थन**

  आईटी प्रभाग ने मल्टी पोर्टल प्रबंधन प्रणाली के रखरखाव और समर्थन की सुविधा प्रदान की है। एमपीएमएस एक क्लाउड आधारित प्रणाली है जो एक साथ कई पैनल वाले ई–नीलामी पोर्टलों पर कृषि–वस्तुओं के एक ही स्टॉक की ई–नीलामी चलाने संचालित करने में सक्षम है। कई शाखाओं में स्टॉक के निपटान के लिए यही प्रणाली लागू की गई है। संघ के एमपीएमएस पोर्टल पर 75,000 से अधिक नीलामी की गई हैं।

- **ऑनलाइन एजीएम और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

  कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण, सभाओं में प्रतिभागियों को सीमित करने के सरकारी प्रतिबंधों के कारण केवल फिजीकल वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन संभव नहीं था। आईटी प्रभाग ने देश भर में फैले 25 स्थानों के साथ समन्वय करके, भौतिक और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से, हाइब्रिड मोड के माध्यम से नेफेड की एजीएम का आयोजन किया। आईटी प्रभाग का यह प्रयास रहा है कि उपयोगकर्ताओं को विभिन्न आयोजनों में भाग लेने में मदद की जाए क्योंकि महामारी ने अधिकारियों की यात्रा को सीमित करने के लिए मजबूर किया है। आईटी प्रभाग ने नए नेफेड बाजार/कार्यालय परिसर का उद्घाटन, सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शपथ ग्रहण समारोह, विभिन्न उत्पादों, योजनाओं का शुभारंभ और ऐसे कई अन्य कार्यक्रमों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को ऑनलाइन सुविधा प्रदान कर सफल बनाया।

- **ई-निविदा प्लेटफॉर्म का उपयोग (जीईएम और सीपीपी प्लेटफॉर्म)**

  नेफेड ने जेम प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया है और जेम प्लेटफॉर्म से ही खरीद भी आरंभ कर दी है। नेफेड निविदाओं की ई–निविदा के लिए भी सीपीपी पोर्टल का उपयोग करता है।

- **नेफेड के लिए ई-पोर्टल का विकास**

  नेफेड ने कृषि–जिसों की बिक्री के लिए एवं खरीद व बिक्री के लिए विभिन्न प्रकार की फॉरवर्ड और रिवर्स नीलामी संचालित करने के उद्देश्य से क्लाउड–आधारित ई–नीलामी पोर्टल विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसका विकास कार्य जोरों पर है और जल्द ही यह पोर्टल आरंभ हो जाएगा।

- **हाइब्रिड ई-मेल सुविधा की स्थापना**

  नेफेड ने हाइब्रिड ई–मेल समाधान की स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है जिसमें क्लाउड होस्टेड ई–मेल सर्वर के साथ एसएएएस–आधारित ई–मेल सेवा नियोजित की गई है। ऐसे नियोजन के साथ समाधान की समग्र लागत में कमी लाते हुए ई–मेल सेवाओं की उपलब्धता, सुरक्षा, लचीलेपन में वृद्धि स्पष्ट दिखाई देती है।

- **एंटीवायरस समाधान और सुरक्षा का उन्नयन**

  नेफेड ने अपनी ग्राहक मशीनों की निगरानी और प्रभावी आईटी नीति के कार्यान्वयन की सुविधा के लिए उन्हें केंद्रीय सर्वर के साथ जोड़ते हुए उनमें एंटीवायरस सॉफ्टवेयर डालकर उन्नत किया है। इस प्रणाली को मुख्यालय में नियोजित किया गया है और देश भर में विभिन्न नेफेड स्थानों के साथ एकीकरण करने का परीक्षण वर्तमान में प्रक्रिया में है। आईटी प्रभाग विभिन्न आईटी उपकरणों और सेवाओं के लिए डेटा सुरक्षा, आपदा वसूली, लागत अनुकूलन आदि की संभावित वृद्धि के लिए समय–समय पर विभिन्न पीओसी भी करता है। हाइब्रिड ई–मेल समाधान की स्थापना ऐसे ही पीओसी से अस्तित्व में आया है।

अध्याय 13

हिंदी

Hindi, the official language strongly connects all states of India. Acknowledging this fact, though NAFED is a commercial organization, but the work is also done in Hindi. Apart from this, correspondence with Non-Hindi branches is also done in Hindi.

Presently, translation of important official documents viz, meetings of BOD, and General Body, Office Orders, Advertisement of Tender Notices, Forms etc. were outsourced.

वर्ष 2021–2022 के दौरान हिंदी में किए गए कार्य

हिंदी एक अधिकारिक भाषा है जो दृढ़ता से भारत के सभी राज्यों को जोड़ती है। इस तथ्य को मद्देनज़र रखते हुए, नेफेड एक वाणिज्यिक संगठन होने के बावजूद भी यहां हिंदी में भी कार्य किया जाता है। गैर–हिंदी शाखाओं के साथ पत्राचार भी हिंदी में किया जाता है। महत्वपूर्ण अधिकारिक दस्तावेजों का अनुवाद जैसे बोर्ड एवं सामान्य निकाय की बैठकों, कार्यालय ज्ञापन, विज्ञापन, निविदा सूचना, फॉर्म, इत्यादि हिंदी में भी किए जाते हैं।

अध्याय 14

राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एनएचआरडीएफ)

भूमिका

राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड) का एक शोध स्कंध है और इसकी स्थापना 3 नवंबर, 1977 को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अंतर्गत की गई थी।

एनएचआरडीएफ कृषि विभाग, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग, किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के एनएचएम–एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच), एसएमएसपी और एमपीआरएनएल योजना के अंतर्गत एक राष्ट्रीय स्तर की एजेंसी है।

एनएचआरडीएफ, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) – सब्जी की फसल संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआइसीआरपी–वीसी) एवं आईसीएआर–प्याज और लहसुन संबंधी अखिल भारतीय नेटवर्क अनुसंधान परियोजना (एआईएनआरपीओजी), नई दिल्ली का स्वैच्छिक केन्द्र भी है।

परिकल्पना

एनएचआरडीएफ का दृष्टिकोण भारत को बागवानी क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रसार करके भारतीय बागवानी को समृद्ध करना है। यह विशेष रूप से प्याज, लहसुन आदि निर्यात योग्य सब्जियों की फसलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। यह प्याज, लहसुन और अन्य बागवानी फसलों के उत्पादन, उत्पादकता और कटाई के बाद के नुकसान को कम करके प्राप्त किया जाएगा, जिससे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी और भारत को निर्यात में वैश्विक नेता के रूप में उभरेगा।

मिशन

एनएचआरडीएफ का मिशन भली भांति प्रशिक्षित जनशक्ति और सुव्यवस्थित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों और वैज्ञानिक रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने और फसल के बाद के नुकसान को कम करने के लिए कुशल विस्तार नेटवर्किंग प्रदान करते हुए किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। एनएचआरडीएफ अप्रयुक्त भूमि की 75 प्रतिशत क्षमता का उपयोग करके और तकनीकी हस्तक्षेप से 25 प्रतिशत प्याज और लहसुन की मांग को पूरा करने का कार्यक्रम बनाएगा।

ढांचागत सुविधाएं

क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र और विस्तार केंद्र

जहां तक बुनियादी सुविधाओं का संबंध है, एनएचआरडीएफ ने 5 क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चितगांव और सिन्नार (महाराष्ट्र), करनाल (हरियाणा), बौध (ओडिशा), कोम्बई (तमिलनाडु) में हैं और 13 विस्तार केंद्र नई दिल्ली, प्रधान कार्यालय (दिल्ली, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) और उत्तराखंड), लासलगांव (महाराष्ट्र), कुरनूल (आंध्र प्रदेश और तेलंगाना), पटना (बिहार, झारखंड और उत्तर–पूर्वी राज्य), राजकोट और महुआ (गुजरात), हुबली (कर्नाटक), इंदौर (मध्य प्रदेश) और छत्तीसगढ़), भटिंडा (पंजाब), कोटा (राजस्थान), कोयंबटूर और कोम्बई (तमिलनाडु और केरल), देवरिया (उत्तर प्रदेश) आईसीएआर–केवीके दिल्ली स्थापित किए है।

आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएं

इसके अलावा, इस प्रतिष्ठान ने आरआरएस नासिक और करनाल में प्लांट पैथोलॉजी, एंटोमोलॉजी, प्लांट फिजियोलॉजी, मृदा परीक्षण, जैव–रसायन, कीटनाशक अवशेष विश्लेषण और वाइन में परीक्षण करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। नासिक में कीटनाशक अवशिष्ट विश्लेषण प्रयोगशाला को प्रयोगशालाओं के परीक्षण और अंशांकन संबंद्ध राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) से मान्यता मिली हुई है और एपीडा और एगमार्क द्वारा अनुमोदित है। अंगूर के लिए इसकी निगरानी एनआरएल और आईसीएआर–एनआरसी पुणे द्वारा की जाती है। वाइन परीक्षण प्रयोगशाला को यूरोपीय संघ द्वारा भी मान्यता प्राप्त है।

भंडारण गोदाम और शेड

एनएचआरडीएफ ने लासलगांव, नासिक में फसलोपरांत अनुसंधान मॉडल परिसर भी स्थापित किया है, जिसमें प्याज उत्पादकों को ढांचागत सहायता प्रदान करने के लिए 100 टन क्षमता के 10 प्रबंधन शेड और 50 टन क्षमता के 20 आधुनिक भंडारण गोदाम हैं। इसके अलावा, प्रतिष्ठान ने लहसुन की गांठों के भंडारण के लिए करनाल, बौध और इंदौर में और प्याज की गांठों के भंडारण के लिए हरियाणा के आरआरएस सिन्नार, चितगांव, महाराष्ट्र, उजवा, दिल्ली और करनाल में गोदाम भी स्थापित किए हैं।

बीज प्रसंस्करण इकाइयाँ

एनएचआरडीएफ ने लासलगांव और चितगांव, नासिक (महाराष्ट्र), करनाल (हरियाणा), इंदौर (मध्य प्रदेश), राजकोट (गुजरात), बौध (ओडिशा), कुरनूल (आंध्र प्रदेश), देवरिया, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में तापमान और सापेक्ष आर्द्रता नियंत्रित बीज भंडारण सुविधाओं के साथ बीज प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की हैं।

केवीके दिल्ली में सौर फार्म प्रदर्शन इकाई

केवीके, उजवा, पूर्णतया आईसीएआर द्वारा वित्त पोषित परियोजना है, जिसका संचालन और प्रबंधन एनएचआरडीएफ द्वारा किया जाता है। यह केंद्र दिल्ली और उसके आसपास रहने वाले किसानों को उपयोगी तकनीकी और विस्तार सहायता तथा मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। हाल ही में, केवीके, उजवा ने उजवा परिसर में 110 किलोवाट क्षमता की सौर फार्म प्रदर्शन इकाई स्थापित की है।

एनएचआरडीएफ द्वारा विकसित अत्याधुनिक प्याज भंडारण

एनएचआरडीएफ द्वारा विकसित किया अत्याधुनिक प्याज भंडारण

एनएचआरडीएफ नासिक ने एक उन्नत प्याज भंडारण ढांचा विकसित किया है जिसे पूरे भंडारण अवधि में निरंतर तापमान और सापेक्ष आर्द्रता बनाए रखने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। छह महीने के भंडारण के उपरांत एनएचआरडीएफ में इस अत्याधुनिक प्याज भंडारण सुविधा से अच्छे व ताजे गांठों की प्राप्ति (21.40 टन), कम से कम सड़न (0.69 प्रतिशत), वजन में कम हानि (13.83 प्रतिशत) और कुल हानि (14.52 प्रतिशत) दर्ज की गई और इस प्रकार अच्छे व ताजे गांठों की प्राप्ति अच्छा लाभ भी हुआ। एनएचआरडीएफ बेहतर प्याज भंडारण संरचना में कोल्ड स्टोरेज संरचना, पारंपरिक हवादार भंडारण संरचना और किसान भंडारण संरचना पर अनेक फायदे हैं। इस तरह के नवाचार शोध पत्रिका ''वेजिटेबल साइंस'' में भी प्रकाशित हुए हैं।

श्री एकनाथ दावले, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, कृषि, महाराष्ट्र सरकार ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, सिन्नार (नासिक) का दौरा किया और इस नए अत्याधुनिक प्याज भंडारण को देखकर इस तरह के नवाचार की प्रशंसा की।

उल्लेखनीय शोध कार्य

अपने अस्तित्व के चार दशकों से अधिक की अवधि के दौरान, एनएचआरडीएफ ने बागवानी फसलों, विशेषकर प्याज और लहसुन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध कार्य किया है। इन वर्षों में, एनएचआरडीएफ ने लहसुन और प्याज के बीजों की 18 और 14 नई किस्में विकसित की हैं, जिनमें से लहसुन की 11 किस्में और प्याज की 6 किस्में भारत सरकार द्वारा पहले ही अधिसूचित की जा चुकी हैं। इसके अलावा, एनएचआरडीएफ ने प्याज और लहसुन उत्पादन और कटाई के बाद प्रबंधन से संबंधित 290 प्रौद्योगिकियां भी विकसित की हैं।

प्याज और लहसुन की दो किस्में, जिन्हें हाल ही में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है, उपज और कृषि–जलवायु परिस्थितियों में उनकी उपयुक्तता की दृष्टि से उनकी विशेषताएं इस प्रकार हैं:

एनएचआरडीएफ फुरसुंगी किस्म

- अच्छी गुणवत्ता वाले गांठ लाल रंग के, गोल आकार के, व्यास 5.80 से 6.25 सेमी, जिसका छिलका दिखने में अच्छा लगता है।
- गांठ में 12–14^0 ब्रिक्स कुल घुलनशील ठोस और 13–15 प्रतिशत शुष्क पदार्थ होते हैं।
- रोपाई के उपरांत 110–120 दिनों में फसल पक जाती है।
- यह किस्म 380–400 क्विंटल/प्रति वर्ग हेक्टेयर की औसत उपज देती है।
- यह स्टेमफिलियम कुम्हालने बीमारी से मुक्त है।
- जोन–II (दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर और पंजाब), जोन – V (गुजरात और महाराष्ट्र) में खेती के लिए जारी किया गया।

यमुना पर्पल-10 (जी-404)

- गांठें मलाईदार गुदा के साथ ठोस, आकर्षक हल्के बैंगनी रंग के होते हैं। गांठ का व्यास 4.8 से 5.5 सेमी तक होता है, प्रत्येक गांठ का तना 25–30 सेमी लंबा होता है।
  - ❖ गांठ में 40^0 ब्रिक्स कुल गलने योग्य तत्व होते हैं, 42.9 प्रतिशत शुष्क अवयव और 26.8 माइक्रो मोल/जी पाइरुविक एसिड होता है।
  - ❖ इसकी फसल बुवाई के 165–175 दिनों में पक जाती है।
  - ❖ इस किस्म की औसत उपज 200–225 क्विंटल प्रति हेक्टेयर के बीच होती है।
  - ❖ जोन–II (दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर और पंजाब) और जोन–IV (पंजाब, उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड) में उगाने के लिए जारी किया गया।

अध्याय 15

वार्षिक लेखे

अध्याय सं.	विषय वस्तु	पृष्ठ सं.
15.1	वित्तीय विवरण	66
15.2	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	74
15.3	लेखा परीक्षक के अवलोकनों पर अनुपालन	79
15.4	तुलन पत्र	86
15.5	लाभ एवं हानि विवरण	87
15.6	अनुसूचियां	89
15.7	महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	106

वित्तीय विवरण

अनुबंध - I

विगत पांच वर्षों के दौरान शेयर पूंजी एवं स्वाधिकृत निधि की स्थिति

(मूल्य लाख रुपये में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-2022
शेयरपूंजी अंशदाताः सहकारी समितियां	2467.18	2540.91	2705.08	3069.38	4101.60
योग	**2467.18**	**2540.91**	**2705.08**	**3069.38**	**4101.60**
गत वर्षों की संचित हानियों के समायोजनोपरांत आरक्षित एवं अन्य निधियां (शुद्ध) लाभ (+) / हानि (-)	(-)70230.24 22681.40	(-)47912.32 27931.38	(-)10555.18 16565.03	9056.05 24394.70	26981.67 13927.16
कुल स्वाधिकृत निधियां	**(-)45081.65**	**(-)17440.03**	**8714.93**	**36520.13**	**45010.43**



विगत पांच वर्षों के दौरान कारोबार

(मूल्य लाख रुपये में)

विवरण	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-2022
(क) आंतरिक व्यापारः					
1. प्रत्यक्ष व्यापार	153433.31	316244.47	185850.24	1668867.47	1288918.47
2. औद्योगिक इकाईयां एवं बीज, जैव उर्वरक	4248.70	6580.99	3352.92	3605.01	6855.63
3. भारत सरकार के खाते में पीएसएस / पीएसएफ / बिक्री	163585.64	1688200.96	1437598.20	2003381.11	638753.50
योग	**321267.65**	**2011026.42**	**1626801.36**	**3675853.59**	**1934527.60**
(ख) विदेशी व्यापारः					
1. प्रत्यक्ष निर्यात	---	2819.29	1296.99	13640.94	40694.80
योग	**---**	**2819.29**	**1296.99**	**13640.94**	**40694.80**
कुल कारोबार (क+ख)	**321267.65**	**2013845.71**	**1628098.35**	**3689494.53**	**1975222.40**



विगत पांच वर्षों के दौरान आंतरिक व्यापार

(मूल्य लाख रुपये में)

जिंस	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
प्रत्यक्ष खाते से*					
खाद्यान्न	31089.46	55123.08	79094.10	110905.95	123841.73
दलहन	240511.58	1268732.33	751953.20	2550522.53	443073.65
तिलहन एवं तेल	34673.99	660222.94	704513.96	964943.77	173319.64
मसाले	266.66	432.10	136.00	73.59	163.35
फल व सब्जियां	2359.53	1836.64	13478.83	14470.21	23103.56
जूट के उत्पाद	712.82	--	--	--	514.28
पॉल्ट्री उत्पाद	231.23	250.03	205.89	94.62	155.51
उर्वरक	--	1104.54	608.85	16.23	336.15
बीज	774.97	5476.45	2744.07	6086.58	8162.19
विविध उत्पाद (रबड़, चीनी, चायपत्ती, नमक इत्यादि)	6398.71	20668.86	75363.45	28740.12	1202552.34
कृषि आगत	--	--	--	--	--
औद्योगिक इकाईयां	4248.70	--	--	--	--
कुल आंतरिक व्यापार	**321267.65**	**2013846.97**	**1628098.35**	**3675853.60**	**1975222.40**

*पीएसएस/पीएसएफ बिक्री सहित



विगत पांच वर्षों के दौरान नेफेड का जिंस-वार अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

(मात्रा मीट्रिक टन में/मूल्य लाख रुपये में)

जिंस	2017-18		2018-19		2019-20		2020-2021		2021-2022	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
प्रत्यक्ष खाते में निर्यात										
1. फल एवं सब्जियां										
प्याज	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
योग	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2. खाद्यान्न एवं दलहन										
चावल	शून्य	शून्य	2250	859.29	10000	393.00	36897.40	13640.94	135333.60	40633.41
राजमा	शून्य	शून्य	300	323.10	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
गेहूं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	200.00	61.39
योग	शून्य	शून्य	**2550**	**1182.39**	**10000**	**393.00**	**36897.40**	**13640.94**	**135533.60**	**40694.80**
3. अन्य										
कंबले/स्वेटरें	शून्य	शून्य	4.25 नग	1636.90	शून्य	903.99	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
योग	शून्य	शून्य	**4.25 नग**	**1636.90**	शून्य	**903.99**	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
प्रत्यक्ष खाते में कुल निर्यात	शून्य	शून्य	2550.00 एवं 4.25 नग	2819.29	10000	1296.99	36897.40	13640.94	शून्य	शून्य
कुल विदेशी कारोबार	शून्य	शून्य	**2550.00 एवं 4.25 नग**	**2819.29**	**10000**	**1296.90**	**36897.40**	**13640.94**	शून्य	शून्य



वर्ष 2021-22 में जिंस-वार लाभ/हानि विवरण

(मूल्य लाख रुपये में)

क्र. सं.	जिंस/समूह	सकल लाभ/हानि
1.	खाद्यान्न	922.25
2.	दलहन	-194.59
3.	मसाले	9.04
4.	पॉल्ट्री, रबड़, चायपत्ती, नमक, चीनी, बीज, उर्वरक इत्यादि सहित विविध एवं फुटकर वस्तुएं	12940.08
5.	सेवा शुल्क/पीएसएस/पीएसएफ/विविध इत्यादि	11196.22
6.	अन्य आय/व्यय इत्यादि	-
	सकल लाभ/हानि	**24873.00**



नेफेड द्वारा पीएसएस के अंतर्गत तिलहन एवं दलहन की खरीद

जिंस	वर्ष	समर्थन मूल्य एमएसपी + बोनस	खरीद की मात्र (मीट्रिक टन में)	एमएसपी + बोनस् (मूल्य लाख रुपये में)	खरीदी के प्रमुख राज्य
1. सोयाबीन	2016-17	2775	164.09	43.89	महाराष्ट्र
	2017 K	2850+200	72280.731	22045.62	महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना
	2018 K	19483.02	66.22	1.43	महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना
	2020 K	3880.00	3.687		महाराष्ट्र,
2. मूंगफली	2013-14	4000	338567	145732.02	महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा
	2014-15	4000	8817.68	5105.97	आंध्र प्रदेश, ओडिशा
	2016-17	4120+100	210732.02	86821.59	गुजरात
	2017 K	4250+200	1044255.391	464693.65	गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक
	2018 R	4250+200	16.828	7.49	तेलंगाना
	2018 K		717384.17	3508.01	गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश
	2019 R		130.76	0.64	ओडिशा
	2019 K		721074.28	3670.27	गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश
	2020 R	5090	2007.997	1022.07	ओडिशा
	2020 K	5275	283044.735	149306.10	गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा
	2021 R	5275	2203.110	1162.14	ओडिशा
	2021 K	5550	149464.387	82952.73	गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश
3. सरसों के बीज	2014-15	3050	1714.821	558.56	राजस्थान
	2017-18	3900+100	13682.669	5473.07	हरियाणा, राजस्थान
	2019R	4425	1089036.00	4573.95	हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश
	2020 R	4425	785947.679	347781.85	हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश
	2021 R	4650	0.650	0.30	मध्य प्रदेश
4. सूरजमुखी के बीज	2012-13	3700	1499	554.67	कर्नाटक
	2013-14	3700	4383	1634.22	कर्नाटक
	2014-15	3750	4153.213	1655.28	ओडिशा एवं हरियाणा
	2015-16	3750	4237.684	1589.13	ओडिशा एवं हरियाणा
	2016-17	3850+100	4949.268	1880.72	ओडिशा एवं हरियाणा
	2017-18	3850+100	6539.042	2582.92	ओडिशा, हरियाणा एवं तेलंगाना
	2019 R	-	3336.33	17.98	तेलंगाना, ओडिशा एवं हरियाणा
	2020 R	5650	5257.881	2970.70	ओडिशा, हरियाणा एवं तेलंगाना
	2021 R	5885	3885.727	2286.75	ओडिशा, हरियाणा
5. नारियल	2012-13	5100 (Milling)	64962	35322.94	तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, लक्ष द्वीप
	2013-14	5350 (Milling)	9275	5199.35	कर्नाटक, केरल
		5250 (Milling)	4117	2463.41	तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, लक्ष द्वीप एवं अंडमान व निकोबार
		5500 (Ball)	29490	17284.74	कर्नाटक
	2016-17	6240 (Ball)	1837	1146.20	तमिलनाडु एवं कर्नाटक
		5950 (Milling)	4487	2669.81	तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश
	2019-20	9960 (Milling)	29.779	29.66	तमिलनाडु
		10300 (Ball)	5051.750	5203.30	तमिलनाडु एवं कर्नाटक
	2020-21	10335-Milling	32.950	34.05	तमिलनाडु
6. चना	2013-14	3000	34306	10736.57	महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक
	2014-15	3100	279611.125	94123.66	महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक
	2017-18	4250+150	115453.362	50799.48	महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना
	2019R		776360.24	3586.78	तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात

जिंस	वर्ष	समर्थन मूल्य एमएसपी + बोनस	खरीद की मात्र (मीट्रिक टन में)	एमएसपी + बोनस् (मूल्य लाख रुपये में)	खरीदी के प्रमुख राज्य
	2020R	4875	2138416.17	1042477.88	आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक
	2021R	5100	628826.046	320701.25	आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात
7. उड़द	2012-13	3300	1.57	0.63	राजस्थान
	2013-14	4300	77050.806	34543.75	महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान कर्नाटक, झारखंड
	2014-15	4300 4300	7453.262 6.70	3611.45 6.56	झारखंड, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश
	2017 K	5200+200	268178.981	144816.65	महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक,
	2017 S	4575+425	15747.647	7873.82	आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना
	2018 R	5200+200	95.010	51.31	मध्य प्रदेश
	2018 K		423527.51	2371.75	तेलंगाना, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान
	2019 R		18240.92	102.15	महाराष्ट्र, ओड़िशा, तमिलनाडु
	2019 K		132.31	0.75	राजस्थान, गुजरात
	2020 K	6000	137.15	82.29	महाराष्ट्र
	2021 K	6300	1621.303	1021.45	महाराष्ट्र, गुजरात एवं राजस्थान
	2021 S	6000	959.75	575.85	मध्य प्रदेश
8. अरहर	2012-13	3850	16004.835	6328.15	महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश
	2013-14	4300	42693	18755.12	महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश,
	2014-15	4300	1079.648	1069.87	महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश
	2016 K	4625+425	196207.900	99084.99	महाराष्ट्र, गुजरात एवं कर्नाटक
	2017 K	5250+200	603158.686	328721.48	महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं कर्नाटक
	2018 K		275673.52	1564.45	मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना
	2019 K		536413.25	3111.20	महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, गुजरात
	2020 K	6000	10353.757	6212.25	गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,, महाराष्ट्र
	2021 K	6300	20259.230	12763.31	गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना
9. मूंग	2016-17	4800+425	8267.58	3968.43	महाराष्ट्र, कर्नाटक
	2017 K	5375+200	293672.932	163722.66	महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना
	2017 S	4800+425	112407.165	58732.74	मध्य प्रदेश, ओड़िशा,
	2018K		296073.980	2065.12	कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात
	2019R		26033.03	181.58	ओड़िशा, तमिलनाडु
	2019K		140018.46	987.13	राजस्थान, तेलंगाना, महाराष्ट्र, कर्नाटक
	2020R	7050	7111.93	5013.91	ओड़िशा, तमिलनाडु
	2020K	7196	12596.628	9064.53	राजस्थान, तमिलनाडु, हरियााणा, महाराष्ट
	2021 R	7196	6407.600	4610.91	तमिलनाडु, ओड़िशा
	2021 K	7275	75258.700	54750.70	आंध्र प्रदेश, हरियााणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक
	2021 S	7196	147250.001	105961.10	मध्य प्रदेश
10. मसूर	2020R	4800	1425.181	684.09	उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश
	2021R	5100	18.298	9.33	मध्य प्रदेश
11. तिल	2017 K	4800+200	3739.767	1869.88	पश्चिम बंगाल

टिप्पणीः के – खरीफ के मौसम को दर्शाता है।
आर – रबी के मौसम को दर्शाता है।
एस – गर्मी के मौसम को दर्शाता है।

नेफेड द्वारा बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत कृषि जिंसों की खरीद

जिंस	वर्ष	समर्थन मूल्य प्रति कुंतल	खरीद की मात्रा (मीट्रिक टन में)	(मूल्य लाख रुपये में)	खरीदी के प्रमुख राज्य
1. आलू	1997-98 2003-04	125-130/350 190	4697 733	159.27 21.48	उत्तर प्रदेश, कर्नाटक उत्तर प्रदेश
2. प्याज	1996-97	300	60	1.98	कर्नाटक
3. अंडे (मात्रा लाख में)	1992-93 1993-94 1994-95 1995-96 1996-97 1999-2000 2000-01 2001-02	65/100 75/100 75/100 82/100 110/100 100/100 90/100 100/100	26.99 91.02 28.21 34.82 141.43 85.89 34.93 31.75	17.19 61.63 37.61 32.96 137.51 87.00 31.20 32.70	आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश, पंजाब आंध्र प्रदेश, पंजाब आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश
4. कीनू/माल्टा	1992-93 1993-94	325A 350A	1703 3133	46.88 49.49	पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा
5. काली मिर्च	1993-94	3300	1491	495.25	केरल
6. मिर्च	1993-94 1996-97 1997-98	1500 2200 2250	5000 126 8123	806.64 29.48 190.01	आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश आंध्र प्रदेश
7. धनिया	1998-99 2004-05	1250 1450	378 80	45.88 12.48	राजस्थान राजस्थान
8. सेब	2020-21	3600	1.605	0.58	जम्मू एवं कश्मीर

वित्तीय वर्ष के दौरान एमआईएस प्रचालन शून्य है।

दिनेश जैन एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
ए–115, विकास मार्ग,
शक्करपुर, दिल्ली–110092

सतीश के. कपूर एंड कं.
सनदी लेखाकार
डी–49, प्रथम तल, पांडव नगर,
मदर डेयरी प्लांट के सामने, नई
दिल्ली–110092

एचडीएसजी एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
ई–21, बेसमेंट, जंगपुरा
एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110014

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्यगण

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (नेफेड)

नई दिल्ली

अभिमत

1. हमने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (इसके उपरांत 'संघ' के तौर पर संदर्भित) के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिसमें महत्वपूर्ण लेखांकन नीति एवं अन्य विस्तृत सूचना के सारांश सहित 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र, उस वर्ष को समाप्त लाभ व हानि विवरण एवं नगदी प्रवाह विवरण एवं वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां सम्मिलित हैं। इन वित्तीय विवरणों में समाविष्ट मूल्य समर्थन योजना, मूल्य स्थिरीकरण कोष, बाजार हस्तक्षेप योजना एवं पीएमजीकेएवाई के अंतर्गत भारत सरकार की ओर से जिंसों के किये गये कार्यों कीं सनदी लेखाकारों की स्वतंत्र फर्मों द्वारा लेखा परीक्षा की गई है एवं हमनें उन पर भरोसा किया है।

2. वे मामले जिनका वर्ष के लाभ पर एवं 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार परिसंपत्तियों एवं देयताओं पर प्रभाव अस्वीकार्य है, सहित, नीचे दिए गए पैरा 3 में अनुमोदित अभिमत को आधार बनाकर वर्णित मामलों के प्रभावों को छोड़कर, हमारे अभिमत में एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार उक्त वित्तीय विवरण के साथ–साथ उसमें दी गई टिप्पणियां बहु राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 एवं बहु राज्य सहकारी समिति नियम, 2002 द्वारा अपेक्षित जानकारी देते हैं तथा आमतौर पर भारत में स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं एवं 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार संघ के कार्यों की, उस तिथि को समाप्त वर्ष में उसके लाभ व उसके नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण देते हैं।

3. योग्य अभिमत के लिए आधार

हमने आईसीएआई द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों के अतंर्गत हमारे उत्तरदायित्वों का आगे हमारी रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक के उत्तरदायित्व खंड में उल्लेख किया गया है। हम उन नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार संस्था से स्वतंत्र हैं जो वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं और हमने इन अपेक्षाओं के अनुसार अपनी अन्य नैतिक उत्तरदायिवों का पूर्णतया निर्वहन किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारे अभिमत के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त व उपयुक्त हैं।

I. निम्नलिखित तथ्यों को आधार मानकर हम यह पता लगाने एवं रिपोर्ट करने में असमर्थ हैं कि तुलन पत्र एवं लाभ व हानि विवरण पर इनका क्या प्रभाव पड़ा है:

कं) 1,015.10 करोड़ रुपये के कुल टाई–अप की प्राप्य राशि 10 वर्ष से अधिक की लंबी अवधि (गत वर्ष 1,015.12 करोड़ रुपये) से बकाया है जिसमें से 279.03 करोड़ रुपये (गत वर्ष 279.03 करोड़ रुपये) को वसूली योग्य और प्रवर्तनीय प्रतिभूतियों द्वारा प्रतिभूत वर्णित किया गया है जिनके लिए हमें इस तरह की प्रतिभूतियों के संबंध में कोई ऐसे पर्याप्त एवं समुचित साक्ष्य नहीं प्रदान किये गये जैसे नवीनतम भौतिक सत्यापन व मूल्यांकन रिपोर्ट। 1,015.12 करोड़ रुपये के बकाया के लिए महज 4.11 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो

कि हमारे अभिमत में वास्तव में कम करके बताया गया है क्योंकि इसकी वसूली दर्शाने वाले कोई साक्ष्य प्रदान नहीं किये गये।

ख) फुटकर देनदारों के पास 26.66 करोड़ रुपये (गत वर्ष 19.48 करोड़ रुपये) (टाई–अप और बैक टू बैक कारोबार से भिन्न) सम्मिलित है जो 3 वर्ष से अधिक समयाविध से बकाया है और उन पार्टियों से वसूली नहीं की गई है। वसूली की इस अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए, संघ को आईसीएआई द्वारा जारी राजस्व मान्यता पर एएस–9 के दृष्टिगत उक्त बकाया के संबंध में उचित प्रावधान करना चाहिए था।

